नई दिल्ली

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 170

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 33.0

न्यून. 25.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 भारत के नाम रहा पहला दिन, विंडीज को 162 पर समेटा, 2 विकेट पर बनाए 121 रन






### पीएम मोदी ने राष्ट्रपिता और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

# महात्मा गांधी और शास्त्री के आदर्शों से आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी गांधीजी की जयंती पर उनकी समाधि राजघाट पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल विजय घाट भी पहुंचे और जन्म दिन पर उन्हें नमन किया, श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी ने राजघाट और विजय घाट पहुंचकर किया नमन



## स्वदेशी उत्पादों को खरीदना गांधी और शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि

पीएम मोदी स्वदेशी पर अत्यधिक जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदना गांधी और शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम मोदी ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को एक असाधारण राजनेता बताया जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने भारत को मजबूत बनाया। प्रधानमंत्री ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गांधी जयंती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'खादी इंडिया' शोरूम का दौरा किया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधी जयंती के अवसर पर कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' शोरूम का दौरा किया और ऑनलाइन भुगतान के जरिये खादी उत्पाद खरीदे। गृह मंत्री ने कहा कि इससे प्रेरित होकर देश के लाखों परिवारों ने फैसला किया है कि वे किसी भी विदेशी सामान का इस्तेमाल नहीं करेंगे। शाह ने कहा कि इसी तरह देश के लाखों दुकानदारों ने अपनी दुकानों में विदेशी सामान नहीं बेचने का फैसला किया है। उन्होंने लोगों से खादी और स्वदेशी के अभियानों को सफल बनाने की अपील की। शाह ने कहा कि देश के हर परिवार को हर साल कम से कम 5 हजार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने का फैसला करना चाहिए। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

## खबर संक्षेप

### 25 नवंबर को बंद हो जाएंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

**चमोली।** बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे। वीरवार को पंचांग गणना के बाद तिथि तय की गई।



बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि तय करने के लिए मंदिर परिसर में दोपहर बाद धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने गुरुवार को ये जानकारी दी। कपाट बंद करने से पहले होने वाली पंच पूजाओं के साथ भगवान बदरी विशाल के प्रतिनिधि उद्धवजी व देवताओं के खजांची कुबेरजी के पांडुकेश्वर व गरुड़जी के ज्योर्तिमठ प्रस्थान का मुहूर्त भी तय हुआ।

### आधार कार्ड अपडेट कराना हो गया महंगा

**नई दिल्ली।** अब आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए पैसे चुकाने होंगे। आधार से जुड़ी डेमोग्राफिक,



बायोमेट्रिक और डॉक्यूमेंट अपडेट की फीस बढ़ा दी है। यूआईडीएआई के मुताबिक, ये नई फीस 30 सितंबर 2028 तक लागू रहेगी। इसके बाद अक्टूबर 2028 में इनकी दोबारा समीक्षा होगी। नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर या ईमेल की फीस अब 75 रुपए होगी। पहले यह 50 रुपए थी। अगर यह अपडेट बायोमेट्रिक अपडेट के साथ की जाती है तो कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस या फोटो) पर अब 125 रुपए देने होंगे। भविष्य में यह बढ़कर 150 रुपए हो सकती है।

### सरसंघचालक भागवत ने रेशमबाग मैदान में आयोजित संघ के विजयादशमी उत्सव में दिया संबोधन

# हिंदू समाज का संगठित स्वरूप ही भारत की एकता व सुरक्षा की गारंटी है: भागवत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- अमेरिका की आयात शुल्क नीति का जिक्र कर कहा, स्वदेशी तथा स्वावलम्बन का कोई पर्याय नहीं
- राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा हमें सजग रहने और अपना सामर्थ्य बढ़ाते रहने की आवश्यकता है: सरसंघचालक

सम्पूर्ण हिन्दू समाज का बल सम्पन्न, शील सम्पन्न संगठित स्वरूप ही इस देश के एकता, एकात्मता, विकास व सुरक्षा की गारंटी है। क्योंकि हिन्दू समाज अलगाव की मानसिकता से मुक्त और सर्वसमावेशक है। हिन्दू समाज ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' की उदार विचारधारा का पुरस्कर्ता व संरक्षक है। इसलिए संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज के संगठन का कार्य कर रहा है। क्योंकि संगठित समाज अपने सब कर्तव्य स्वयं के बलबूते पूरे कर लेता है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रेशिमबाग मैदान में आयोजित संघ के विजयादशमी उत्सव में कही। उल्लेखनीय है कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने बल देकर कहा कि भारतवर्ष को वैभवशाली व सम्पूर्ण विश्व के लिए अपेक्षित व उचित योगदान देनेवाला देश बनाना, यह हिन्दू समाज का कर्तव्य है। इस अवसर पर मंच पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, संघ के विदर्भ प्रान्त संघचालक दीपक तामशेट्टीवार, विदर्भ प्रान्त सह संघचालक श्रीधर गाडगे और नागपुर महानगर संघचालक राजेश लोया उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरसंघचालक भागवत और प्रमुख अतिथी मा. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी ने शस्त्रपूजन किया।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद भी रहे कार्यक्रम में मौजूद



### स्वदेशी तथा स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं

*सरसंघचालक ने आगे कहा कि अमेरिका ने अपने स्वयं के हित को आधार बनाकर जो आयात शुल्क नीति चलायी है, जिसके कारण हमें भी कुछ बातों का पुनर्विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विश्व परस्पर निर्भरता पर जीता है, किन्तु यह परस्पर निर्भरता हमारी मजबूरी न बने, इसके लिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। क्योंकि स्वदेशी तथा स्वावलम्बन का कोई पर्याय नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने विश्व के जड़वादी व उपभोगवादी नीति के परिणामस्वरूप हो रहे पर्यावरणीय असंतुलन पर चिन्ता व्यक्त की।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हमारी वर्तमान आशाएं और चुनौतियाँ

*सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में सीमापार से आये आतंकियों ने 26 भारतीय यात्री नागरिकों की उनका हिन्दू धर्म पूछकर हत्या की। सम्पूर्ण भारतवर्ष में नागरिकों में दुःख और क्रोध की ज्वाला भड़की। भारत सरकार ने योजना बनाकर मई मास में इसका पुरजोर उत्तर दिया। इस सब कालावधि में देश के नेतृत्व की दृढ़ता तथा हमारी सेना के पराक्रम तथा युद्ध कौशल के साथ-साथ ही समाज की दृढ़ता व एकता का सुखद दृश्य हमने देखा। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि अन्य देशों से मित्रता की नीति व भाव रखते हुए भी हमें अपने सुरक्षा के विषय में अधिकाधिक सजग रहने और अपना सामर्थ्य बढ़ाते रहने की आवश्यकता है। नीतिगत क्रियाकलापों से विश्व के अनेक देशों में से हमारे मित्र कौन-कौन और कहाँ तक है, इसकी परीक्षा भी हो गई। सरसंघचालक ने कहा कि देश के अन्दर उग्रवादी नक्सली आन्दोलन पर शासन तथा प्रशासन की दृढ़ कार्रवाई से बड़ी मात्रा में नियंत्रण आया है। उन क्षेत्रों में नक्सलियों के पनपने का मूल कारण वहाँ चल रहा शोषण व अन्याय, विकास का अभाव तथा शासन-प्रशासन में इन सब बातों के प्रति संवेदना का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि नियम पालन, व्यवस्था पालन करना व सद्भावपूर्वक व्यवहार करने का स्वभाव बनना चाहिए। छोटी-बड़ी बातों पर या केवल मन में सन्देह है इसलिए, कानून हाथ में लेकर रास्तों पर निकल आना, गुंडागर्दी, हिंसा करने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। समारोह के अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीविजयादशमी उत्सव का ये दिन संघ का शतकपूर्ति दिवस है। आज विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति का संवाहक करनेवाली आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था का शताब्दी समारोह सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाबासाहब आम्बेडकर के संविधान में निहित सामाजिक न्याय की व्यवस्था के बल पर ही मेरी तरह का आर्थिक व सामाजिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति, देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँच सका। डॉ. हेडगेवार के गहन विचारों से समाज और राष्ट्र को समझने का मेरा दृष्टिकोण स्पष्ट हुआ। दोनों विभूतियों द्वारा निरूपित किए गए राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के आदर्शों से मेरी जनसेवा की भावना अनुप्राणित रही है।*

### अब देश की सेनाएं जब, जहां और जैसे चाहें पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं

## पाकिस्तान ने सर क्रीक के इलाके में कोई हिमाकत की तो भारत इतिहास संग भूगोल भी बदल देगा: सिंह



- विजयदशमी के मौके पर भुज में शस्त्र पूजा के बाद जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को खुली चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को चार महीने का वक्त बीत चुका है। लेकिन पाकिस्तान है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अब उसने गुजरात सीमा के करीब सरक्रीक के इलाके में अपना सैन्य ढांचा बढ़ा लिया है। जो उसकी बदनीयती का प्रमाण देता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को इसे लेकर पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सरक्रीक के इलाके में एक सीमाई विवाद खड़ा किया जाता है। हमारी सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सर क्रीक का सामरिक महत्व



*गौरतलब है कि सरक्रीक भारत-पाकिस्तान के बीच गुजरात में कच्छ के रण में 96 किलोमीटर लंबी दलदली भूमि की एक ज्वारीय जलधारा है। जो सीधे अरब सागर में गिरती है। दोनों देशों के बीच समुद्री सीमाओं की अपनी-अपनी व्याख्या को लेकर इस क्षेत्र के संबंध में विवाद बना हुआ है।*

### जंग छेड़ना उद्देश्य नहीं रहा

*उन्होंने कहा कि सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी सैन्य उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया है। अपने सामर्थ्य के बाद भी हमने संयम का परिचय दिया। क्योंकि हमारी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी। इसे आगे बढ़ाकर युद्ध छेड़ना इस सैन्य अभियान का उद्देश्य नहीं था। हालांकि इस दौरान पाकिस्तान ने लेह से सर क्रीक तक के इलाके में भारत के एयर डिफेंस सिस्टम को भेदने की नाकाम कोशिश की। जबकि हमारी कार्रवाई ने दुश्मन के इस सिस्टम* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इसी अक्टूबर महीने से होगी भारत-चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत

- दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के बीच हुई तकनीकी बातचीत के बाद लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय
- 2020 में पहले कोविड और बाद में एलएसी विवाद के चलते बंद थी उड़ान सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच आखिरकार पांच साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से सीधी उड़ान सेवाओं की



शुरुआत करने को लेकर सहमति बन गई है। जिसके तहत इसी अक्टूबर महीने के अंत तक इनकी आधिकारिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रेलवे बोर्ड अध्यक्ष का यात्रियों से अमृत संवाद, यात्रियों के सुझाव से यात्री सुविधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित अमृत काल के दृष्टिकोण और पंच प्रण के सिद्धांत के मार्गदर्शन में, रेल मंत्रालय ने विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत एक नई नागरिक-केंद्रित पहल शुरू की है। पिछले वर्ष भारतीय रेलवे में आयोजित रेल चौपाल से प्रेरित होकर, यह पहल अब अमृत संवाद



के रूप में आयोजित की गई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद में भाग लिया। अमृत संवाद के दौरान, उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और स्टेशनों पर किए गए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिमाचल में भगवान रघुनाथ की निकली भव्य रथयात्रा

## देवताओं का महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का आयोजन

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

आपदा के 24 दिन बाद गुरुवार शाम को को भगवान रघुनाथ की भव्य रथ यात्रा के साथ ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में देवताओं का महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव शुरू हो गया है।



### 8 तक मनेगा पर्व

*दो से आठ अक्टूबर तक धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस महापर्व के साक्षी राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ हजारों लोग बने। रथ मैदान में रथ यात्रा के दौरान करीब 100 देवी-देवता भी मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ की रथयात्रा के साथ शुरू हुए इस उत्सव में करीब 300 से ज्यादा देवी-देवता शिरकत कर रहे हैं। इनमें से बुधवार देर शाम तक 200 से अधिक* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की हुई पेसमेकर ट्रांसप्लांट सर्जरी

## जल्द ही काम शुरू करने का इरादा, पीएम मोदी ने फोन पर की बात, दीर्घायु होने की प्रार्थना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेसमेकर की सर्जरी के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि उनका जल्द ही काम पर लौटने का इरादा है। खरगे (83) को मंगलवार को बेंगलुरु के एम एस रमैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उन्हें पेसमेकर लगाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री मोदी ने मल्लिकार्जुन खरगे के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि खरगे से बात की। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उनके निरंतर स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की प्रार्थना करता हूं।

खरगे की हालत चिकित्सा प्रक्रिया के बाद स्थिर



### प्रियांक ने बताई हालात

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि उनके पिता, कांग्रेस अध्यक्ष की हालत चिकित्सा प्रक्रिया के बाद स्थिर है। प्रियांक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पेसमेकर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई। यह एक छोटी और मामूली प्रक्रिया थी। प्रक्रिया के बाद उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे के 3 अक्टूबर से काम पर लौटने और अपने सभी निर्धारित कार्यक्रमों में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूएन में मानवाधिकारों की झूठी दुहाई देने वाले पाकिस्तान का भारत ने किया पर्दाफाश

## बोले, भारत के राजदूत मोहम्मद हुसैन, ढोंगी पाकिस्तान को बलूचिस्तान और पीआके को लेकर खुद के गिरेबान में झांकने की है जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से एक ओर बलूचिस्तान और पीआके की आम-जनता पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन कर रही है। तो दूसरी ओर पाकिस्तान है कि उसे अपने घर के अंदर झांकने की फुर्सत ही नहीं है। बल्कि वो दूसरों को मानवाधिकार के मामले में उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। ताजा मामला बीते बुधवार देर-रात जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60 वें सत्र की 34वीं



बैठक से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान ने एक बार फिर से भारत को उपदेश देने की कोशिश की। लेकिन भारतीय राजदूत मोहम्मद हुसैन ने बड़े ही कड़े अंदाज में ऐसे अपने देश का पक्ष रखा कि जिससे पड़ोसी दुश्मन देश की बोलती बंद हो गई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अल्पसंख्यकों के मामले में अपने खुद के खराब रिकॉर्ड के बावजूद पाकिस्तान जैसा देश दूसरे देशों को कैसे उपदेश दे सकता है? दूसरों के बारे में किसी भी तरह का गलत-भ्रामक प्रचार करने से पहले पाकिस्तान को अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले में अपनी स्थिति को जांचना-परखना चाहिए। बताते चलें कि परिषद की इस बैठक में मौजूद अन्य लोगों ने भी पाकिस्तान को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सोचनीय हैं ईशनिंदा के मामले

*अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग ( यूएससीआईआरएफ) की 2025 की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि इसके मुताबिक, पाकिस्तान में ईशनिंदा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लगभग 700 से अधिक लोग इस कानून के तहत जेल में बंद हैं। यह आंकड़ा बीते वर्ष 2024 के मुकाबले 300 फीसदी अधिक है। बलोच नेशनल मूवमेंट का कहना है कि मौजूदा साल के ही छह महीनों में 785 लोग जबरन लापता बताए गए। जबकि 121 की हत्या दर्ज की गई है। पश्तून नेशनल गिरजा के आंकड़े बताते हैं कि 4 हजार के करीब पश्तून आज भी लापता हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के प्रवक्ता* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की कार्रवाई

# मुनव्वर फारूकी की सुपारी लेने वाले दो गैंगस्टर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चरण गिरोह के दो बदमाशों को बृहस्पतिवार सुबह जैतपुर-कालिंदी कुंज रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इन्हें 'स्टैंडअप कॉमेडियन' मुनव्वर फारूकी और अन्य चर्चित व्यक्तियों की हत्या की कथित तौर पर सुपारी दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों के नाम 29 वर्षीय राहुल और 37 वर्षीय साहिल है। दोनों बदमाश हरियाणा के पानीपत और भिवानी के रहने वाले हैं। स्पेशल सेल की 'काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट' की टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर दोनों को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक जब राहुल और साहिल को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने पुलिस पर



गोलियां चला दीं, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। इसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि जैतपुर-कालिंदी कुंज इलाके में दोनों शूटर की गतिविधि की खुफिया जानकारी मिलने के बाद जाल बिछाया गया था। इस बात की प्रबल आशंका थी कि दोनों हथियारबंद होंगे। टीम उन्हें पकड़ने के लिए आगे बढ़ी। मुठभेड़ में हुई गोलीबारी में दोनों घायल हो गए और उन्हें काबू कर लिया गया। बाद में दोनों बदमाशों को अस्पताल ले जाया गया। बदमाशों के हथियार और मोटरसाइकिल जब्त कर लिए गए। जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों बदमाशों को विदेश में रहने वाले गैंगस्टर रोहित गोदारा से निर्देश मिलते थे, जो गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चरण के साथ मिलकर फारूकी की हत्या की साजिश रच रहा था।

पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों को दिल्ली-एनसीआर में कथित तौर पर लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने फारूकी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मुंबई और बेंगलुरु में रेकी भी की थी। यह गिरोह चर्चित हस्तियों के बीच अपना दबदबा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था और फारूकी लंबे समय से इसके निशाने पर था। गिरोह ने पहले भी अन्य मशहूर हस्तियों पर हमले की साजिश रची थी, जिसमें हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना भी शामिल है। फारूकी ने 2024 में रियलिटी शो 'बिग बॉस' जीता था और इंस्टाग्राम पर उनके 1.42 करोड़ 'फॉलोअर्स' हैं। गोली लगने से घायल हुआ राहुल दिसंबर 2024 में हरियाणा के यमुनानगर में हुए तिहरे हत्याकांड में वांछित था। इस साल की शुरुआत में उसे राजस्थान के बीकानेर में आर्म्स एक्ट के एक मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि साहिल के खिलाफ भिवानी और सिरसा की अदालतों में वित्तीय कदाचार के कई मामले लंबित हैं।

### दिल्ली सरकार ने खत्म की आय सीमा

## सभी पंजीकृत कश्मीरी विस्थापित परिवारों को मिलेगा राहत भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने कश्मीरी विस्थापितों की पीड़ा को समझते हुए उनको राहत भत्ता मिलने के लिए आय सीमा को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे अब सभी पंजीकृत कश्मीरी विस्थापित परिवारों को राहत भत्ता मिल सकेगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि तीन दशकों से अधिक समय से अपने घरों से दूर रह रहे कश्मीरी हिन्दू विस्थापितों के जीवन में यह फैसला आशा की नई किरण लेकर आया है।

दिल्ली सरकार ने न केवल वर्षों से चली आ रही विस्थापित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, बल्कि उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम भी उठाए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार शीघ्र ही उन्हें राहत राशि देने की प्रकिया शुरू करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सन 1990 के दशक की शुरुआत में आतंकवाद की विभीषिका के कारण अपने घर-आंगन छोड़ने पर मजबूर हजारों कश्मीरी हिन्दू परिवार दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में आ बसे। इन परिवारों को जीवन-यापन के लिए सरकार की ओर से 'एड-हॉक मंथली रिलीफ' के रूप में राहत राशि दी जाती रही है। लेकिन, समय के साथ बनी कठोर नीतियों और पुराने नियमों ने उनके जीवन को और कठिन बना दिया। खासकर आय सीमा की शर्त और परिवार के रिकॉर्ड को अपडेट न कर पाने की जटिलता ने कई विस्थापित परिवारों को वर्षों तक परेशान रखा, इसका परिणाम यह निकला कि पिछले डेढ़ साल से यह राहत राशि वितरित नहीं हो पा रही थी। मुख्यमंत्री के अनुसार उन्होंने व शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कश्मीरी विस्थापितों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी, जिसके बाद राजस्व विभाग को आदेश जारी किए गए। अब इन समस्याओं को समाप्त करने के लिए दिल्ली सरकार ने दो बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए निर्णय के तहत सरकार ने 26,800 रुपये मासिक आय सीमा की शर्त को समाप्त कर दिया है।

## आरएसएस ने नरेला क्षेत्र में 12 मंडलों में मनाया विजयादशमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर नरेला क्षेत्र में भव्य आयोजन किया। सुबह 6 बजे से 9:30 बजे तक नरेला जिले के 12 मंडलों में आयोजित कार्यक्रम में संख्या 3650 रही जिसमें नारी शक्ति, स्वयंसेवक एवं समाज के सज्जन शक्ति ने भाग लिया।

प्रत्येक मंडल पर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुख्य वक्ता रहे और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। प्रहलादपुर में मुख्य वक्ता घनश्याम और पंकज रहे, बवाना नगर में मुकेश व सुरेन्द्र रहे, होलम्बी में मुख्य वक्ता तेज़सिंह व कुलदीप प्रचारक रहे, स्वतंत्रनगर में सौरभ व विनीत मुख्य वक्ता रहे, नरेला में मुख्य वक्ता संजीव व पुनीत रहे। मुख्य अतिथि डॉ मनीष व डॉ मुकेश भारती रहे, हरीपुर नगर में मुख्य वक्ता रोशन लाल (उत्तर क्षेत्र कार्यवाह) व सत्यप्रकाश रहे मुख्य अतिथि अनूप रहे।

इस अवसर पर जिले के संघचालक कुलदीप व ज़िला कार्यवाह सत्यप्रकाश सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजयादशमी उत्सव में पंच परिवर्तन योजनाओं तथा संघ के शताब्दी वर्ष को समाज जागरण का वर्ष मानते हुए संगठन, सेवा और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतत समाजसेवा, संगठन और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अग्रसर है और शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचने के लिए नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है।

### मोबाइल गेम खेलने पर डांटा तो किशोर ने कर ली आत्महत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर में एक किशोर ने मोबाइल गेम खेलने पर अपनी बहन द्वारा डांटे जाने के बाद अपने घर में आत्महत्या कर ली। मृतक एनपीएल स्कूल में नौवी कक्षा में पढ़ता था। बुधवार को स्थानीय पुलिस को इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आदर्श नगर के लाल बाग निवासी 15 वर्षीय आदर्श नामक एक किशोर ने अपनी बड़ी बहन से हुई बहस के बाद अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि कक्षा नौ के छात्र को तुरंत निकटवर्ती एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। किशोर के पिता अनिल कुमार झा सोनीपत के कुंडली स्थित एक निर्यात कंपनी में काम करते हैं।

## विधानसभा में डिप्टी स्पीकर ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को महात्मा गांधी की 156वीं जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) मोहन सिंह बिष्ट ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हुए जिन्होंने इन दूरदर्शी नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह को न केवल श्रद्धापूर्ण बनाया बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक भी बना दिया।

इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारत के निर्माण के दो मार्गदर्शक स्तंभ थे। इस ऐतिहासिक विधानसभा में स्वयं महात्मा गांधी उपस्थित हुए थे, जिन्होंने दो बार कार्यवाही में भाग लिया, जिससे ये हॉल उनके स्थायी योगदान का मौन साक्षी बन गए है।

लाल बहादुर शास्त्री ने हमें सादगी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प से राष्ट्र को बदलने का मार्ग दिखाया। उनका जीवन यह स्मरण कराता है कि सच्चा नेतृत्व जनसेवा और मातृभूमि के लिए बलिदान में निहित है।

### 693 किलोग्राम पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम द्वारा 693 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किये हैं। इस सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह को इस संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मटियाला गांव, बिंदापुर में छापा मारा और दिलबाग सिंह (52) पुत्र नफे सिंह को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान परिसर के भूतल से 42 विभिन्न ब्रांड के 693 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए। इनका आइसक्रीम निर्माण इकाई की आड़ में दुरुपयोग किया जा रहा था। आवासीय क्षेत्र में अत्यधिक असुरक्षित परिस्थितियों में रखे गए इस अवैध स्टॉक से जन सुरक्षा को भी गंभीर खतरा था। पूछताछ करने पर आरोपी शख्स ने स्वीकार किया कि उसने आगामी त्योहारों के मौसम में आर्थिक लाभ के लिए पटाखों को बेचने के लिए जमा किया था, जो कानूनी मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन है। पूछताछ में दिलबाग सिंह ने बताया कि उसने पंजाब के कुराली में सड़क किनारे की दुकानों से पटाखे खरीदे थे, जहां बिक्री और खरीद प्रतिबंधित नहीं है। प्रतिबंधित पटाखों की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## मिलावटी देसी घी बनाने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, छह चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज ने त्योहारी सीजन से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुये मिलावटी देशी घी बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कुल 105 टीन डिब्बे बरामद हुये हैं। इनमें 1,625 किलोग्राम मिलावटी देसी घी था। इसके साथ ही तीन अवैध निर्माण इकाइयां भी सील की गई है। इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार त्योहारी सीजन के मद्देनजर क्राइम ब्रांच सेंट्रल रेंज ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में मिलावटी देसी घी बनाने वाले तीन अवैध कारखानों का पर्दाफाश किया है। शिव विहार, करावल नगर और मुस्तफाबाद में यह कारखाने चलाये जा रहे थे। यह अभियान इस आशंका पर चलाया गया कि दशहरा और दिवाली पर बढ़ती मांग का फायदा उठाने के लिए बड़े पैमाने पर घी में मिलावट की जा रही है। कार्रवाई का उद्देश्य जनस्वास्थ्य की रक्षा, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन और बाजार में मिलावटी उत्पादों की रोकथाम था। पुलिस ने बताया कि शिव विहार, करावल नगर से सफीक को गिरफ्तार किया गया। 33 टीन डब्बे जब्त किये गये। इनमें कुल 520 किलो नकली घी था। दूसरा छापा शिव विहार में ही डाला गया। इसमें यूसुफ मलिक, उसका बेटा मेहबूब, शाकिर और शाहरूख को पकड़ा। 28 टीन जिनमें कुल 440 किलो नकली घी, रसायन था जब्त किया। इसके साथ ही गैस सिलेंडर, चूल्हे, उपकरण आदि सामान भी पकड़ा गया। तीसरा छापा ओल्ड मुस्तफाबाद में डाला गया। जमालुद्दीन को पकड़ 44 टीन जिनमें कुल 665 किलो नकली घी, रसायन आदि सामान जब्त किया गया। आरोपी लोग डालडा (वनस्पति घी) और सस्ता रिफाइंड तेल बल्क में खरीदते थे। इन्हें गर्म करके आपस में मिलाते और खुशबू, रंग व स्वाद के लिए रासायनिक पदार्थ डालते थे।

पैकिंग असली ब्रांड जैसी करके दुकानों, डेयरियों और सप्लायर्स को बेचते थे। त्योहारों के सीजन में घी की मांग बढ़ने पर इनका धंधा चरम पर होता था। एक नकली टीन बनाने में 1300 से 1400 की लागत आती थी। लेकिन उसे आगे 3500 से 4000 प्रति टीन बेचा जाता था। आगे की जांच, सप्लाई चेन और अन्य आरोपी लोगों की पहचान हेतु जांच जारी है।

## कांग्रेस ने बापू, शास्त्री जयंती पर किया उन्हें याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर पर उन्हें याद करते हुए पुष्पांजली अर्पित की और भारत के सच्चे सपूत बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चरणों में सादर कोटि-कोटि प्रणाम। सत्य और अहिंसा के माध्यम से विश्व को शांति और करुणा का मार्ग दिखाने वाले बापू का जीवन हम सभी के लिए हमेशा अनुकरणीय है। यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि जय जवान-जय किसान के उदघोषक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें सादर नमन। उन्होंने देश की सेवा करते हुए कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। कांग्रेस ऐसे महान देशभक्तों, भारत के सपूतों को उनके जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक नमन करती है। कांग्रेस हरसंभव कोशिश करती आ रही है कि इनके दिखाए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ा जाए।


**☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜**

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ**

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होंगी:–

**01493/01494 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे वातानुकूलित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 01493 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01494 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 20:00 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | --- | 21:25 |

<u>चलने के दिन</u> : **01493 पुणे जं.** से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को दिनांक 06.10.2025 से 13.11.2025 तक तथा **01494 हज़रत निज़ामुद्दीन जं.** से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 07.10.2025 से 14.11.2025 तक।

<u>स्थान</u> : 3 टियर वाता.

<u>ठहराव</u> : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – सियालदह – योग नगरी ऋषिकेश त्यौहार विशेष एक्स. रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:10 | 07:18 |
| 07:50 | 08:00 | वाराणसी | 19:05 | 19:15 |
| 23:00 | --- | सियालदह | --- | 05:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04312 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक तथा **04311 सियालदह** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 13.10.2025 से 17.11.2025 तक।

<u>स्थान</u> : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

<u>ठहराव</u> : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 32 फेरे

| गाड़ी सं. 04314 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | --- |
| 19:17 | 19:25 | मुरादाबाद | 07:50 | 07:58 |
| 20:46 | 20:48 | बरेली | 05:32 | 05:34 |
| 11:20 | --- | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | --- | 14:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04314 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को दिनांक 09.10.2025 से 30.11.2025 तक तथा **04313 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 10.10.2025 से 01.12.2025 तक।

<u>स्थान</u> : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता.

<u>ठहराव</u> : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3047/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### योग दिवस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

## शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर योग हमें देता है सकारात्मक ऊर्जा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

योग केवल व्यायाम या गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित कर हमें अनुशासित, संयमित और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण करता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह विचार गुरुवार को छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित भारतीय योग संस्थान के 59वें स्थापना दिवस समारोह एवं योग दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में योग को वैश्विक पहचान मिली है। इस विशेष कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। भारतीय योग संस्थान



बीते 59 वर्षों से देश और विदेश में 4,500 से अधिक निशुल्क योग साधना केंद्रों का संचालन कर रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा से उत्पन्न योग आज वैश्विक जीवन-शैली का हिस्सा बन चुका है। योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक दृष्टिकोण ने भारतीय संस्कृति के अमूल्य उपहार योग को विश्व-पटल पर प्रतिष्ठित किया है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रधानमंत्री के प्रस्ताव पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी गई, जो भारत की प्राचीन परंपरा को आधुनिक जीवन का आधार बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में योग ने न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में स्वास्थ्य, संतुलन और मानसिक शांति का प्रतीक बनकर करोड़ों लोगों के जीवन को नया आयाम दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से योग आज सीमाओं से परे एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने भारतीय योग संस्थान की टीम और सभी साधकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की प्रगति और विश्व गुरु बनने का मार्ग तभी प्रशस्त होगा जब हर नागरिक स्वस्थ होगा। योग हमें 'मी टू वी' यानी मैं से हम की ओर ले जाने वाली साधना है।

## एलजी ने लोगों को दी विजयदशमी पर बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विजयदशमी के अवसर पर देश व दिल्लीवासियों को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा एलजी ने दो अक्टूबर पर महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी लोगों को शुभकामनाएं दी। एलजी ने कहा कि आप सभी को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के साथ-साथ, यह दिन असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। आइये आज हम सभी बुराई रुपी रावणों को समाप्त कर भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प लें। एलजी ने कहा कि मेरी कामना है कि विजयदशमी के पावन अवसर पर सभी को माता दुर्गा और भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त हो। एलजी ने गांधी जयंती के अवसर पर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि। भारत के लिए बापू किसी प्रेरणापुंज के समान हैं।

सत्य, अहिंसा, करुणा और सादगी पर आधारित उनके विचार आज भी संपूर्ण विश्व को शांति, एकता और मानवता के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हैं। एलजी न पूर्व पीएम प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121 जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सादगी, संघर्ष, सुचिता और करुणा की वो अनूठी मिसाल है, जो सदैव देश के जवानों, किसानों और भारत के गौरव को समर्पित रहा। आज भी उनके आदर्श प्रत्येक देशवासी को जल कल्याण के मार्ग पर चलने को प्रेरित करते हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अच्छाई पर बुराई का प्रतीक रावण का किया दहन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विजयादशमी के अवसर पर लालकिला मैदान स्थित माधव दास पार्क में आयोजित होने वाली श्री धार्मिक लीला कमेटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रावण का पुतला दहन किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर दर्शकों को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई का पर्व है। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। अच्छाई की विजय होने से मानवता फलती फूलती है। जब आतंकवाद का दानव मानवता पर प्रहार करता है। तो उसका दमन करना अनिवार्य हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर इसी बात का प्रतीक है। इसके तहत भारत माता की रक्षा में सभी सेनानियों को तहे दिल से नमन करते हैं।

## दशहरे पर सुरक्षा में तैनात रहे 20 हजार पुलिसकर्मी

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रमुख दशहरा मैदानों की सुरक्षा में बृहस्पतिवार को पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों से करीब 20 हजार जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा दिल्ली के कई अन्य छोटे बड़े रामलीला मैदानों पर भी पुलिसकर्मियों का कड़ा सुरक्षा पहरा रहा। राष्ट्रपति मुर्मू लाल किला मैदान स्थित माधवदास पार्क पहुंची, जहां श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज में आईपी एक्सटेंशन रामलीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा समारोह में भाग लेने वाले थे लेकिन अंतिम समय में उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि रामलीला मैदान में बहुस्तरीय व्यवस्था की गई थी। जानबूझकर नुकसान पहुंचाने या बाधा डालने वाली गतिविधियों की जांच के मद्देनजर यह सुरक्षा बढ़ाई गई थी। त्वरित प्रतिक्रिया दल, 'स्वाट' कमांडो और सादे कपड़ों में कर्मियों को भी तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर और चौकियां स्थापित की गई थी । बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर गश्त पहले ही बढ़ा दी गई थी। प्रमुख रामलीला मैदानों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और दमकलकर्मी तैनात किए गए थे।

## सीएम रेखा गुप्ता ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ महात्मा गांधी और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ राजघाट पहुंच कर महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं विजय घाट पहुंच कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली हाट, आईएनए में खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन तथा एमएसएमई द्वारा आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के 'स्वदेशी खरीदें, स्वदेशी बेचें' को नई गति और नयी चेतना प्रदान कर रही है। खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमारी संस्कृति, हमारे कारीगरों की मेहनत और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न का प्रतीक बनकर खड़ी है। खादी की यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि स्वावलंबन ही राष्ट्रीय गौरव का पथ है और यही पथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है।

## 'आप' ने गांधी की समाधि पर सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए की प्रार्थना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर दुनिया के सबसे बड़े गांधीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की जेल से रिहाई के लिए प्रार्थना की। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज दोपहर 12 बजे राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पहुंचे और कुछ मिनट मौन धारण कर उन्हें याद किया। उन्होंने सोनम वांगचुक को न्याय दिलाने की प्रार्थना करते हुए कहा कि गांधी जी की समाधि पर फूल चढ़ाने वाले लोग ही एक सच्चे गांधीवादी सोनम वांगचुक को देशद्रोह के झूठे केस में जेल में डाल रखा हैं। जबकि सोनम वांगचुक ने देश को सत्य व अहिंसा की राह दिखाई है। इस दौरान विधायक संजीव झा, आदिल खान, महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने पीतमपुरा की रामलीला में किया रावण वध

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को विजयदशमी के अवसर पर पी यू ब्लॉक रामलीला ग्राउंड, पीतमपुरा में रावण दहन के अवसर पर उपस्थित हुई। और उन्होंने तीर चलाकर रावण का वध किया। जिसके बाद रावण दहन किया गया। मुख्यमंत्री जैसे ही रामलीला के मंच पर पहुंची तो उन्होंने भगवान श्री राम और हनुमान के जयकारे लगाए। उन्होंने रामलीला में मौजूद राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व को संदेश दे दें जीत तो धर्म की होगी, जीत तो सत्य की होगी, अधर्म और असत्य को हारना ही पड़ेगा, समाज से बुराई को खत्म होना ही पड़ेगा। उन्होंने सभी को विजयदशमी पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सब में प्रभु राम की शक्ति अपने अंदर लेकर किसी भी धर्म के युद्ध के लिए तैयार होकर सजग रहने की ताकत है।



## भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन का करते हैं मार्गदर्शन : प्रवेश साहिब सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-10 स्थित रामलीला ग्राउंड में द्वारका श्री रामलीला सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित की गई 14वीं श्री रामलीला में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं और ऐसे आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मंच समाज में धर्म, सत्य, सेवा और मर्यादा के मूल्य स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा रामलीला जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, जो समाज को एकता, प्रेम और मर्यादा का संदेश देते हैं।

## झमाझम बारिश पड़ी रावण दहन पर भारी, कई जगह दशहरा मेला मनाने का मजा हुआ किरकिरा

नई दिल्ली। मानसून की वापसी के बाद दिल्ली में हुई झमाझम बारिश से जहां मौसम खुशगवार हो गया हो लेकिन रावण दहन पर बरसात भारी पड़ गई। बारिश के चलते रावण दहन, मेले में घूमने फिरने व चाट पकौड़ी खाने का मजा भी किरकिरा हो गया। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुरूप दशहरा वाले दिन गुरुवार को दिल्ली में रूक रूककर कई बार हुई बारिश से जहां जगह जगह पानी भर गया वहीं कई दशहरा स्थलों में भी पानी पानी नजर आया। कई जगह बारिश के चलते रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले भीग गए। कई जगह तो रावण सुबह ही खड़े कर दिए गए लेकिन जैसे ही बारिश का पहला दौर आया आयोजकों के चेहरे की हवाइयां उड़ने लगी। क्योंकि लंबे लंबे पुतलों को प्लास्टिक अथवा अन्य साधन से ढकना भी किसी चुनौती से कम नहीं रहा। हालात यहां तक बिगड़े कि यमुनापार स्थित पटपटगंज स्थित इंद्रप्रस्थ रामलीला समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बारिश की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक नहीं पहुंच सके। वहीं बारिश के चलते गत वर्षों की तुलना में बारिश प्रभावित क्षेत्रों में लगने वाले मेले में भीड़ कम नजर आई। हालांकि बारिश रुकने के बाद सामान्य हुए मौसम के बाद लोग बाहर निकलने लगे और रौनक लौटने लगी, लेकिन कहा जा सकता है कि बारिश ने दशहरे का मजा जरूर किरकिरा कर दिया। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

## नगर निगम ने नेहरू प्लेस में आयोजित किया स्वच्छोत्सव कार्यक्रम

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने दो अक्टूबर को नेहरू प्लेस में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी शमिल हुए। इनके अलावा महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक चंदन कुमार चौधरी व निगम आयुक्त अश्वनी कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री साहू ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद स्वच्छता आज केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि जन-जन का आंदोलन बन चुका है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के देशव्यापी स्वच्छता अभियान के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी स्वच्छता के जन आंदोलन के चलते आज हम कह सकते हैं कि देश खुले में शौच से मुक्त हुआ है। मोदी ने आह्वान किया कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर देश खुले में शौच से मुक्त होगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर एक उदाहरण स्थापित किया जिसके चलते आज हर कोई झाड़ू उठाकर सफाई में लगा है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर नागरिक के अंदर यह भावना है कि स्वच्छता हमारा स्वभाव है व हमारा संस्कार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुरू सेवा पखवाड़े के तहत सैकड़ों जन कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पखवाड़े में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं विकास के क्षेत्रों अनेक कार्यक्रम किए गए। साहू ने स्वच्छता के प्रति योगदान के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा 151 गंदगी स्थलों को पूरी तरह समाप्त किया गया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दिल्ली में 16 हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं एवं सैकड़ों आयोजन व स्वच्छता रैलियों की गई। निगम द्वारा वेस्ट तो एनर्जी प्लांट, बायोगैस प्लांट एवं अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हरियाणा सरकार

"नए आपराधिक कानून "जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए" की भावना को मजबूत करते हैं, जो लोकतंत्र की नींव है।"
- नरेन्द्र मोदी



साबर डेयरी प्लांट
उद्घाटन समारोह
3 अक्तूबर, 2025 | प्रात: 11:20 बजे
आई.एम.टी., रोहतक
(रोहतक) कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

स्वदेशी से स्वावलंबन
खादी कारीगर महोत्सव
3 अक्तूबर, 2025 | दोपहर 12:40 बजे
फुटबॉल ग्राउंड, एम.डी.यू., रोहतक
(रोहतक) कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

नये आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन
एवं
हरियाणा सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

3 अक्तूबर, 2025 | दोपहर 2:30 बजे | मेला ग्राउंड, कुरुक्षेत्र

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता

अध्यक्षता
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा
सहकारिता एवं कारागार मंत्री, हरियाणा

श्री मनोज कुमार
अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत

श्री नवीन जिंदल
लोकसभा सांसद, कुरुक्षेत्र

(कुरुक्षेत्र) कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आप सादर आमंत्रित हैं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipriharyana

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी



प्रदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 अगस्त को फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने मनोज को देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया था। जिस संबंधित थाना ओल्ड फरीदाबाद में मामला दर्ज किया गया था। मनोज ने पूछताछ में बताया कि वह देसी पिस्टल, प्रदीप से खरीद कर लाया था।

### अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस का प्रहार जारी

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों की धर-पकड़ के दिए गए



दिशा निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सैंट्रल की टीम ने आरोपी ब्रिजेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए ब्रिजेश निवासी गांव नीमका फरीदाबाद को अग्रवाल धर्मशाला, बल्लभगढ के पास से काबू किया, एक देशी पिस्टल व 7 कारतूस बरामद हुए हैं। जिसके विरुद्ध थाना शहर बल्लभगढ में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने देशी पिस्टल व कारतूस 50000 रुपए में किसी अंजान व्यक्ति से खरीदे थे।

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वाहन चुराने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मोटर साईकिल को बरामद



किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मनीष कुमार निवासी शिव दुर्गा विहार लक्कडपुर ने पुलिस चौकी दयालबाग में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 सितम्बर को उसने अपनी मोटरसाईकिल को घर से थोडी दुर खडी की थी। नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया। मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने इमान निवासी एसजीएम नगर को लेजर वैली पार्क के पास से मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है।

# वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी से बनेगा विकसित भारतः मुख्यमंत्री

## सीएम नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में किया दिवाली मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत का मार्ग वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी से होकर जाता है। उन्होंने यह बात वीरवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में दिवाली मेला का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

नायब सिंह सैनी ने विजय दशमी की बधाई देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली मेला का थीम आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला और वी यूनाइट

*शुभारंभ समारोह में सीएम बोले, इस बार मेला का थीम आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला*



फैमिलीज है। जिस प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन को स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली, वैसे ही देश की समृद्धि को भी स्वदेशी के मंत्र से शक्ति मिलेगी। हमें वो सामान खरीदने चाहिए जोकि मेड इन इंडिया हो, जिसमें देश के नौजवानों की मेहनत लगी हो। इतिहास से पता चलता है कि जब भारत को सोने की चिडिया कहा जाता था, उस काल की समृद्धि में स्वदेशी का बड़ा योगदान था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 अक्टूबर तक चलने वाला यह मेला उत्सव एवं मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय व्यापार, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच है। स्वदेशी का उत्सव दिवाली मेला देश के शिल्पकारों का मनोबल भी बढ़ाता है। मेला में पहले ही दिन पहुंचे लोगों से कहा कि आप यहां से सामान खरीदेंगे तो न केवल शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा। स्वदेशी के संकल्प को जन आंदोलन बनाने के लिए देश भर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

### स्वदेशी अपनाएंगे, देश को आत्मनिर्भर बनाएंगेः मंत्री शर्मा

सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने दिवाली मेला के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज देश स्वदेशी उत्पादों को लेकर आगे बढ़ रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने में स्वदेशी उत्पादों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के संकल्प पर आगे बढ़ते हुए अपने बजट अभिभाषण में प्रदेश में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए मेलों के आयोजन की घोषणा की थी। पर्यटन विभाग ने इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए पहले मैंगो मेला फिर राखीगढ़ी मेला और अब सूरजकुंड में दिवाली मेला का आयोजन किया है। आज से आरंभ होकर 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में करीब 450 स्थलों पर स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए है। उन्होंने शुभारंभ समारोह में पहुंचे लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाकर, देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दरों के सरलीकरण से देशवासियों को त्योहारों का उपहार भी दिया है। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, पर्यटन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन, हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी डॉ. शालीन, उपायुक्त विक्रम सिंह यादव सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में मेगा पौधारोपण अभियान में किया पौधारोपण

# हरियाणा को हरा-भरा, स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए सरकार कटिबद्धः सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकास और पर्यावरण, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरा अधूरा है। गुरुवार को फरीदाबाद में आयोजित यह मेगा पौधारोपण अभियान उसी संतुलित विकास की दिशा में एक और निर्णायक कदम है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री के साथ राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी सेक्टर 9 हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ग्रीन बेल्ट परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

गौरतलब है कि हरियाणा प्रदेश में 75 नमो वन बनाने के लिए स्थान चिन्हित कर उनमें पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार प्रभावी रूप से कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरित जैव-विविधता कॉरिडोर में पौधा रोपण के साथ ही इस क्षेत्र में बड्र्स ऑफ ग्रीन कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है। पौधारोपण अभियान में सभी की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा का प्रत्येक नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझता है। यह मेगा पौधारोपण अभियान हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ परिवेश का निर्माण करेगा। पौधारोपण का सीधा अर्थ प्रकृति का सम्मान और हरियाली का विस्तार करना है।

**हरित जैव विविधता कॉरिडोर में पौधों के साथ विकसित होगा बड्र्स ऑफ ग्रीन**




मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान हमें याद दिलाता है कि पेड़ सिर्फ लकड़ी का स्त्रोत नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। पेड़ों के बिना न तो स्वच्छ हवा मुमकिन है, न पर्याप्त वर्षा और न ही धरती पर जीवन की निरंतरता, इसलिए यह अभियान प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, हमारे दायित्व और आने वाली पीढियों का खुशहाल भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद प्रदेश की आर्थिक धुरी है। यहां के उद्यमियों, व्यापारियों और कर्मठ श्रमिकों ने अपने अथक परिश्रम से इस शहर को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है लेकिन विकास की इस तेज दौड़ में हमने प्रकृति से बहुत कुछ लिया है, ऐसे में अब समय आ गया है कि हम प्रकृति को कृतज्ञता पूर्वक वापस लौटाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इस धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए एक खतरा है।

### हरित अरावली कार्य योजना का दक्षिणी हरियाणा में किया क्रियान्वयन


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में हरित अरावली कार्य योजना का क्रियांवयन किया गया है। केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई यह परियोजना में अरावली पहाडियों के चार राज्यों में लागू की जा रही है, जिनमें हरियाणा भी शामिल है। इन चार राज्यों में 29 जिलों का चयन किया गया हैए जिनमें पांच जिले हरियाणा के हैं। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश में कुल 56 हर्बल पार्क, 4 नगर वन और 18 ऑक्सी वन स्थापित हैं। मुख्यमंत्री ने नमो वन में पौधारोपण करने पहुंचे लोगों, महिलाओं, बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पर्यावरण प्रहरी बनते हुए पौधे रोपित करने के साथ ही उनका संरक्षण करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### नमो वन कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को समर्पित

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि नमो वन कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को समर्पित है। उन्होंने बताया कि जिस ग्रीन बेल्ट पर यह नमो वन बनाया जा रहा है। यहां पहले काफी कूड़ा था जिससे प्रशासन के सहयोग से साफ करवाकर नमो वन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नमो वन महाअभियान के तहत 3.50 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। वहीं आने वाले समय में फरीदाबाद जिला की पूरी सीमा तक ग्रीन बेल्ट में 20 लाख से अधिक पौधे लगाकर जिले वासियों के लिए ऑक्सीजन चैंबर बनाया जाएगा। कार्यक्रम में खाद्य एवं आपूर्ति उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए एक पेड़ मां के नाम अभियान में आहुति डालने के लिए फरीदाबाद में नमो वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पूरे फरीदाबाद को लाखों पौधे लगाकर हरा भरा बनाया जाएगा। इस अवसर पर बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज रामपाल सहित अधिकारीगण और अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

**8-9 और 10 अक्टूबर को ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे**

## ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में गुरुग्राम ट्रायल्स के पहले दिन पहुंचे 500 से अधिक खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) ने अपने पहले खिलाड़ी ट्रायल्स की शुरुआत की, जिसमें पहले ही दिन 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। हाल ही में डीएलआई ने अपने पहले खिलाड़ी ट्रायल्स की घोषणा की थी, जो 1 और 2 अक्टूबर 2025 को गुरुग्राम के युग 2.0, सेक्टर 70 में आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन के ट्रायल्स में विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने हुनर के जरिए इस ऐतिहासिक लीग में जगह बनाने के लिए उत्सुक नजर आए।

पहले दिन हुए ट्रायल्स में खिलाड़ियों की जबरदस्त सहभागिता देखते हुए कोचों और आयोजकों (डीएलआई और सर्वोटेक स्पोर्ट्स) ने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की। सफल पहले दिन ने वीरवार को होने वाले दूसरे दिन के ट्रायल्स के लिए मजबूत आधार तैयार कर दिया। पहले दिन के ट्रायल्स के बारे में बात करते हुए ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के संस्थापक ऋषभ भाटिया ने कहा कि, पहले ही दिन इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलना बेहद खुशी की बात है। यह देखकर अच्छा लगता है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने और टेनिस क्रिकेट में अपने सपनों को पूरा करने के लिए इतने जागरूक हैं। हमें विश्वास है कि दूसरे दिन के ट्रायल्स में भी हमें और शानदार खिलाड़ी मिलेंगे। इसके बाद दिल्ली में 8, 9 और 10 अक्टूबर को ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल्स में 2000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। देश के जाने माने अभिनेता सोनू सूद भी लीग कमिश्नर के रूप में प्रतियोगिता से जुड़े हुए हैं। इतना ही नहीं गायक सलीम मर्चेंट जैसे जाने-माने व्यक्तियों के जुड़ने से, डीएलआई ने बहुत ही कम समय में एक मजबूत मंच तैयार कर लिया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन से जुड़ाव के चलते यह लीग इन प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर दिलाने का लक्ष्य रखती है। आयोजित ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में कुल छह टीमें दो श्रेणियों में खेलेंगी। जिनमें पहली जूनियर (13 से 18 वर्ष) और दूसरी सीनियर (18 वर्ष से ऊपर) टीमें खेलेंगी।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 29 हजार रुपए की ठगी

## साइबर थाना सैंट्रल के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर 29500 की ठगी करने के मामले के तीन आरोपी साइबर थाना सैंट्रल ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैट्रल में मवई साई नगर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास 29 जुलाई को उसके पास एक कॉल जिसने अपने आप को इंडस्लैंड बैंक का कर्मचारी बताया और उसने उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने की बात कही। जिसके बाद उसने उसके पास एक लिंक भेजा और जिस फार्म को भरने के बाद उसके खाता से



29500 रूपट कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार निवासी गांव नागल दिल्ली साहिल कपूर निवासी मुल्तान कॉलोनी, हिसार हाल बजाज एनक्लेव ओल्ड पालम रोड ककरोला द्वारका दिल्ली व अमन निवासी जैन कॉलोनी पार्ट 3 उत्तम नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि मनोज ने साहिल और अमन को सैलरी पर रखा हुआ था, जिनसे वह अपने घर पर ही ठगी के लिए कॉलिंग का काम करवाता था। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

**राष्ट्रपिता गांधी और पूर्व पीएम शास्त्री को दी श्रद्धांजलि**

## जीडीए अधिकारियों बोले- बापू और शास्त्री शांति के प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गुरुवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के पावन अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभा में उनके जीवन, आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। महात्मा गांधी, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और आत्मबल के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, आज भी विश्वभर में शांति और नैतिकता के प्रतीक बने हुए हैं। लाल बहादुर शास्त्री , जिन्होंने जय जवान, जय किसान का अमर उद्घोष देकर देश के किसानों और सैनिकों का सम्मान बढ़ाया, उनके सादगीपूर्ण जीवन और नेतृत्व को सदा स्मरण किया जाएगा। इस दौरान उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमें सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सेवा भावना के उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन पर इन दोनों महापुरुषों का सम्पूर्ण जीवन आधारित था।

# स्क्रैप कारोबारी की ईंट से हमला कर हत्या गोदाम में खून से लथपथ मिला शव

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इलेक्ट्रानिक स्क्रैप कारोबारी की मंगलवार की रात में ईंट से वार कर हत्या कर दी। घटना ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के इलायचीपुर गांव की है। कबाड़ के गोदाम में सो रहे अब्दुल रहमान की लाश खून से लथपथ मिली। बुधवार सुबह जब अब्दुल रहमान के बहनोई गोदाम पर पहुंचे तो घटना का पता चला। रहमान के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने गोदाम से कीमती सामान गायब होने की बात कही है। पुलिस को मृतक की जेब में 3100 रुपए मिले हैं।

डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि मूलरूप से बदायूं के रहने वाले अब्दुल रहमान (55) परिवार के साथ इलायचीपुर गांव में रहते थे। उनके घर के सामने कबाड़ का गोदाम है। बेटे मुस्तकीम के मुताबिक उनके पिता रोजाना की तरह घर से खाना खाकर गोदाम में सोने के लिए चले गए थे। सुबह करीब छह बजे अब्दुल रहमान के बहनोई यामीन गोदाम पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि अब्दुल के सिर से खून निकल रहा है। उन्होंने परिजन और आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिजनों ने उन्हें किसी भी व्यक्ति पर हत्या करने का शक नहीं जताया है। अब्दुल रहमान रात को खाना खाकर गोदाम पर ही सोते थे।

वह अपने काम पर ही ध्यान देते थे। किसी अज्ञात ने उनके सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी। उन्होंने गोदाम से कुछ सामान गायब होने की भी आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। अब्दुल रहमान के परिवार में मां भूरी, बेटे मुस्तकीम समेत परिवार के अन्य सदस्य रहते हैं। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि उन्होंने रात में किसी भी शोर और चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी।

**वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर कांग्रेस उतरी सड़कों पर**

# भाजपा ताकत का दुरूपयोग कर वोट चोरी से बनाती है सरकारः बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान को लेकर गुरुवार को कांग्रेस सड़कों पर उतर गई। फरीदाबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बलजीत कौशिक की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम ओल्ड फरीदाबाद स्थित अग्रसेन भवन सैक्टर-19 में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के सभी कांग्रेस जनों ने शिरकत कर एक स्वर में भाजपा को उखाड़ फैंकने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव व प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने शिरकत की। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना मौजूद रहे। समस्त कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कांग्रेसियों ने वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान को लेकर आज कांग्रेस द्वारा चलाए गए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया। कांग्रेसियों ने एकजुट होकर वोट



चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया।

इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने बुक्के देकर, शॉल भेंटकर स्वागत किया।

इस मौके पर फरीदाबाद के उन वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा में समर्पित कर दिया। जिनमें क्रमशः सरदार हरजीत सिंह सेवक, डा. एस एल शर्मा, प्रो. डा. एम.पी. सिंह, सेवाराम वर्मा, शगुन चंद जैन, राजेन्द्र चपराना, डा. एच पी माहौर, डा. आर के गोयल, डिप्टी पाराशर, सुरेन्द्र शर्मा, सरला भमोत्रा, स. गुरदेव सिंह शामिल रहे। राष्ट्रीय सचिव जितेन्द्र बघेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा जात-पात व धर्म की राजनीति कर लोगों को भडक़ा कर भाईचारे को खराब करने का काम करती है और अपनी ताकत का दुरूपयोग कर वोट चोरी करके सरकार बनाती है। अब भाजपा की पोल खुल चुकी है लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा का कच्चा चिट्ठा खोलकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में भाजपा ने वोट चोरी का काम किया और हरियाणा में भी वोट चोरी करके सत्ता हथिया ली। जल्द ही हरियाणा चोरी की रिपोर्ट भी जनता के सामने खोल दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस जनों से आह्वान किया कि आपसी मतभेदों को भुलाकर कांग्रेस को मजबूत करने में जुटे अगर कांग्रेस मजबूत होगी ।

# कपड़ों के वेयरहाउस में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

## आग लगने की वजह शार्ट-सर्किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के बिनौला इलाके स्थित कपड़ों के एक वेयरहाउस में वीरवार की सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गई। आग के विकराल रूप लेने के चलते आसपास की फैक्ट्री को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है, और यातायात को डायवर्ट कर दिया गया। गनीमत रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। बिनौला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी का यह वेयरहाउस है। जिसमें वीरवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम में करीब 9 बजे आग लगने की कॉल आई। जिसके बाद मानेसर से फायर अधिकारी ललित की अगुवाई में गाडिय़ां मौके पर पहुंची, लेकिन आग की भयानकता को देखते हुए गुरुग्राम, मानेसर, पटौदी समेत आसपास के फायर स्टेशनों से गाड़िया मंगवाई गई। वेयरहाउस में हजारों मीट्रिक टन कपड़े होने के चलते आग तेजी से भड़कने लगी। फायर अधिकारी ललित ने बताया कि आग के विकराल रूप धारण करने के चलते आसपास की फैक्ट्री को भी अलर्ट कर दिया गया है, और यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### संभल में अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन

**संभल।** जिले में सरकारी और आरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए चलाए जा रहे जिला प्रशासन के अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। असमोली थाना क्षेत्र के आरार्या बुजुर्ग गांव में तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बने एक बरात घर और मदरसे को ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा एक मस्जिद को भी हटाने के लिए स्थानीय कमेटी को चार दिन की मोहलत दी गई है।



### आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा

**आगरा।** जिले के खेरागढ़ क्षेत्र में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उटंगन नदी में 11 लोगों के डूबने की सूचना है। इनमें से दो लोगों के शव मिल चुके हैं। वहीं एक अन्य युवक का इलाज जारी है। अन्य की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। गांव कुसियापुर के ग्रामीण दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बृहस्पतिवार को उटंगन नदी पहुंचे थे। यहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान 11 लोग नदी के गहरे पानी में



### बरेली में 2 दिन के लिए बंद हुईं इंटरनेट सेवाएं

**बरेली।** जिले में एक बार फिर इंटरनेट की सेवाओं को बंद कर दिया गया। गुरुवार की शाम तीन बजे से अगले 48 घंटे तक इंटरनेट की सभी सेवाएं बंद रहेंगी। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन ने ये कदम उठाया है। गृह सचिव गौरव दयाल ने आदेश में लिखा है कि बरेली में कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति हो सकती है। इससे जान-माल का नुकसान भी हो सकता है।



# अयोध्या में फूलों की बारिश के बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का भव्य पथ संचलन

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गुरुवार को फूलों की बारिश के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन हुआ। पथ संचलन के दौरान दर्जनों स्थानों पर स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा की गई।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर अयोध्या धाम के राम कथा पार्क में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पथ संचलन के दौरान दर्जनों स्थानों पर स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा की गई। विजयादशमी पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ के सर कार्यवाह ने अपने पौन घंटे के उद्बोधन में संघ की यात्रा के विभिन्न उपलब्धियां को गिनाया। स्वयंसेवकों के प्रयास और लगन की सराहना की तथा सभी से शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले पंच परिवर्तन को सफल बनाने में जुड़ जाने की अपील की।

**पंच परिवर्तन को सफल बनाने की अपील**

### समाज प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में तत्पर रहने की अपील की



शताब्दी वर्ष पर गुरुवार को रामकथा पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल को रामलला और अशोक सिंघल नगर का नाम दिया गया था। शस्त्र पूजन और ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री ऋषभ देव जन्मभूमि दिगम्बर जैन तीर्थ अयोध्या के पीठाधीश रवींद्र कीर्ति स्वामी ने स्वयंसेवक को और अनुषांगिक संगठनो के कार्यकर्ताओं की को संबोधित किया। सभी को राष्ट्र प्रथम के उद्देश्य के तहत परिवार,समाजप्रकृति के संरक्षण और संवर्धन तथा कल्याण में तत्पर रहने की अपील की।

### दत्तात्रेय होशबोले ने 100 साल के सापेक्ष सफलता का उल्लेख किया

एकल गीत के बाद संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होशबोले ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लक्ष्य और बीते 100 साल में इस लक्ष्य के सापेक्ष सफलता का उल्लेख किया। कहा कि संघ निरंतर कार्य करने वाला संगठन है। हम अपनी उपलब्धि का जश्न नहीं मानते बल्कि समाज और राष्ट्र की भावी चुनौतियों से पार पाने के लिए अनवरत कार्य में जुटे रहते हैं। मुख्य अतीत के उद्बोधन के बाद संघ की प्रार्थना हुई और फिर पूर्ण गणेश में एकत्र कार्यकर्ता कतर में लगने लगे।वाद्य यंत्रों की टोली के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने राम कथा पार्क से तुलसी उद्यान होते हुए राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य द्वार बिरला मंदिर के सामने तक पथ संचलन किया। पथ संचलन के माध्यम से शक्ति और अनुशासन का परिचय दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी के अलावा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट,विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नवरात्र के अवसर पर योगी सरकार का तोहफा

# संविदा पर पढ़ा रहीं शिक्षिकाओं को मानदेय सहित मिलेगा 6 माह का मातृत्व अवकाश

उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं को बड़ी राहत दी है। अब उन्हें छह माह का मातृत्व अवकाश मानदेय सहित मिलेगा जो पहले उपलब्ध नहीं था। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है जिससे मानदेय पर कार्यरत महिला शिक्षिकाओं को लाभ होगा। पहले आकस्मिक अवकाश ही मिलता था लेकिन संशोधन के बाद मातृत्व अवकाश का रास्ता साफ हो गया है।

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के 403 सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों और 570 माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में संविदा पर पढ़ा रहीं शिक्षिकाओं को अब छह महीने (180 दिन) का मानदेय सहित मातृत्व अवकाश भी मिलेगा। प्रदेश सरकार ने चार साल बाद नवरात्र के अवसर पर संविदा शिक्षिकाओं को मातृत्व अवकाश का तोहफा दिया है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से 29 सितंबर को अवकाश में संशोधन संबंधी शासनादेश जारी हुआ है।

मानदेय पर नियुक्त संस्कृत शिक्षकों को अब तक वर्ष में अधिकतम 10 दिन का आकस्मिक अवकाश ही देय है। चेतावनी के बाद भी अनधिकृत उपस्थिति पाए जाने पर प्रबंधतंत्र की संस्तुति पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक को कार्य समाप्ति का अधिकार है। उप शिक्षा निदेशक संस्कृत रामाज्ञा कुमार ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को संशोधित शासनादेश भेजते हुए अनुपालन के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में पूरे प्रदेश में एक हजार से अधिक संविदा शिक्षक कार्यरत हैं।

**खास बातें**

- पूरे प्रदेश में एक हजार से अधिक संविदा शिक्षक
- चयन बोर्ड की नियमावली में संशोधन न होने के कारण भर्ती नहीं हो सकी

### हाईस्कूल के शिक्षकों का मानदेय 20 व इंटरमीडिएट के 25 हजार



**हाल ही में कैबिनेट फैसले में प्रदेश सरकार ने संस्कृत शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि की थी**

बेसिक शिक्षा विभाग में महिला शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को भी छह महीने का मानदेय सहित मातृत्व अवकाश देने का नियम है। इससे पहले इसी साल 25 अप्रैल को एक कैबिनेट फैसले में प्रदेश सरकार ने संस्कृत शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि की थी। पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) के शिक्षकों का मानदेय 12 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रतिमाह और उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट) के शिक्षकों का मानदेय 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रतिमाह कर किया था।

### नियमित नियुक्ति न होने के कारण रखे गए संविदा शिक्षक

संस्कृत विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति न होने और स्कूलों में पठन-पाठन प्रभावित होने के कारण 2021 में संविदा पर शिक्षकों का चयन हुआ था। सरकार ने 13 मार्च 2018 को 2009 की नियमावली में संशोधन करते हुए सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का अधिकार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को दे दिया था। हालांकि चयन बोर्ड की नियमावली में संशोधन न होने के कारण भर्ती नहीं हो सकी। अब उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को जिन संस्थाओं में चयन का अधिकार दिया गया है उनमें एडेड संस्कृत विद्यालय शामिल नहीं है।

## सम्राट चौधरी पर पीके का पलटवार

# सम्राट की बेनामी संपत्ति बताने की प्रशांत किशोर ने दी धमकी



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर और भारतीय जनता पार्टी के नेता और उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच लड़ाई तीखी हो रही है। सम्राट चौधरी ने चंदे में गड़बड़ी पर सवाल उठाया लेकिन चुनाव से पहले कार्रवाई नहीं करने का संकेत दिया तो प्रशांत किशोर ने चुनाव के बाद ऐक्शन की अनकही धमकी पर कहा कि वो अब सम्राट चौधरी की बेनामी संपत्तियों की लिस्ट जारी करेंगे। प्रशांत किशोर ने पहले ही अशोक चौधरी पर बेनामी संपत्तियों को लेकर हमला बोल रखा है।

### पीके के पास शेल कंपनी से पैसा आया

सम्राट चौधरी ने एक चैनल से बातचीत में प्रशांत किशोर या जन सुराज पार्टी पर किसी कार्रवाई के सवाल पर कहा था कि उन्हें चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने का मौका नहीं देंगे। इस बात का मतलब प्रशांत किशोर ने चुनाव के बाद संभावित ऐक्शन के तौर पर निकाला है। सम्राट ने कहा था- "आप जांच करिए, पता चलेगा कि सब शेल कंपनी से पैसा आया। जिस कंपनी का औकात ही 10 लाख का है, वो 2 करोड़ का चंदा दे रही है। सब जांच होगा। "

### पीके ने कहा-भाजपा हमको बंगाल में देख लिया

प्रशांत ने सम्राट को जवाब में उनकी बेनामी संपत्ति का खुलासा करने की धमकी दी है। अब तक तारापुर हत्याकांड में सम्राट के कम उम्र बताकर जेल से छूटने तक सीमित रहे प्रशांत ने सम्राट की बेनामी संपत्ति बताने की धमकी दी है। प्रशांत ने कहा- "हमको डरा रहे हो, धमकी दे रहे हो कि चुनाव के बाद देखेंगे। हम जहां भी जिसे चुनाव लड़वाने में मदद करते हैं तो विरोधी कहता है कि तुमको देख लेंगे। भाजपा हमको बंगाल में देख ली क्या।

## पेज एक का शेष

### महात्मा गांधी और....

'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि 'गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं।' मोदी ने कहा कि गांधी सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने का आवश्यक साधन मानते थे।

### स्वदेशी उत्पादों को ...

नींव है। गुजरात में 1869 में जन्मे गांधी को अपने युग का सबसे प्रभावशाली भारतीय माना जाता है क्योंकि उन्होंने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को आकार दिया और दुनिया भर में उनके अनुयायी बने। शास्त्री का जन्म 1904 में उत्तर प्रदेश में हुआ था और जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के रूप में उनके छोटे से कार्यकाल के दौरान जब भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ा था तो उनकी ईमानदारी और देश के नेतृत्व ने उन्हें सार्वभौमिक प्रशंसा दिलाई।

### देशभक्ति की....

कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक थे। 'जय जवान जय किसान' के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। वह हमें एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रयास में प्रेरित करते रहते हैं।

### स्वदेशी तथा स्वावलम्बन ...

उन्होंने कहा कि भारत में भी उसी नीति के चलते वर्षा का अनियमित व अप्रत्याशित होना, भूस्खलन, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं गत तीन-चार वर्षों में तेजी से बढ़ गई हैं। दक्षिण एशिया का सारा जलस्रोत हिमालय से आता है। उस हिमालय में इन दुर्घटनाओं का होना भारतवर्ष और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के लिए खतरे की घंटी माननी चाहिए। डॉ. भागवत ने भारत के पड़ोसी देशों की अराजक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि गत वर्षों से हमारे पड़ोसी देशों में बहुत उथल-पुथल मची है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल ही में नेपाल में प्रकार जन-आक्रोश का हिंसक उद्रेक होकर सत्ता का परिवर्तन हुआ। अपने देश में तथा दुनिया में भी भारतवर्ष में इस प्रकार के उपद्रवों को चाहनेवाली शक्तियां सक्रिय हैं, वह हमारे लिए चिन्ताजनक है।

### पाकिस्तान ने सर क्रीक...

मिलकर सरहदों की रक्षा कर रही हैं और हम बातचीत के रास्ते से समाधान के पक्ष में हैं। लेकिन अगर पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस करने की कोशिश की तो उसे उसका ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। 1965 के युद्ध में भारतीय सेना अपने पराक्रम का परिचय देते हुए लाहौर तक पहुंच गई थी। लेकिन 2025 में पाकिस्तान इस बात को जरूर याद रखें कि कराची तक की सड़क सर क्रीक से ही होकर गुजरती है। रक्षा मंत्री विजयदशमी के मौके पर गुजरात दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना के भुज ठिकाने पर शस्त्र पूजा की और उसके बाद जवानों को संबोधित हुए यह जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने टाइडल बर्दिंग सुविधा और संयुक्त कंट्रोल सेंटर (जेसीसी) का भी वर्चुअली उद्घाटन किया।

**संप्रभुता पर आंच आई तो चुप नहीं बैठेंगे :** रक्षा मंत्री ने कहा कि 7 से 10 मई तक चले सैन्य अभियान के दौरान हमारी सेनाओं ने यह दिखा दिया कि देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतें जहां कहीं भी छिपी हुई हों। उन्हें ढूंढकर हम उनका खात्मा करने की शक्ति रखते हैं। राजनाथ ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत हो, अगर वो हमारी संप्रभुता को चुनौती देगी तो भारत चुप नहीं बैठेगा।

**बापू के मनोबल की दी मिसाल :** उन्होंने महात्मा गांधी को मनोबल का ज्वलंत उदाहरण देते हुए जवानों की हौसला-अफजाई की और कहा कि उनके पास दुश्मन से लड़ने के लिए मन की शक्ति के अलावा और कोई हथियार नहीं था। बावजूद इसके गांधी जी ने उस वक्त की सबसे शक्तिशाली ताकत (ब्रिटिश साम्राज्य) को घुटनों पर ला दिया था। लेकिन आज हमारे सैनिकों के पास शस्त्र और मनोबल दोनों हैं। इसलिए हमारे सामने कोई भी चुनौती टिक ही नहीं सकती है। चाहे आतंकवाद हो या किसी भी तरह की कोई और समस्या, हम सबसे निपटने और जीतने की क्षमता रखते हैं। राजनाथ के मुताबिक, चुनौतियों का सामना करने के लिए केवल हथियार पर्याप्त नहीं हैं। बल्कि इसके लिए मनोबल, एकता और विश्वास भी बेहद जरूरी है। पूरे देश को इस बात का विश्वास है कि हमारे सैनिकों के पास ये सभी गुण मौजूद हैं। मैं भी बार-बार हमारी सेनाओं द्वारा सिद्ध किए गए उस पराक्रम को लेकर गौरवान्वित महसूस करता हूं। जिसमें उन्होंने ये साबित किया है कि वो केवल शस्त्रों की शक्ति पर नहीं। बल्कि अपने साहस और संकल्प की शक्ति पर भी विजय प्राप्त करती हैं।

**हथियारों का निर्माता-निर्यातक बना भारत :** शास्त्र के मामले में तो भारत हमेशा से समृद्ध रहा है। लेकिन अब मुझे गर्व है कि भारत शस्त्रों के मामले में भी समृद्ध बन रहा है। आत्मनिर्भरता के संकल्प की वजह से वर्तमान में भारत हथियारों का केवल उपभोक्ता नहीं है। बल्कि वो इनका निर्माता और निर्यातक दोनों बन रहा है। शस्त्र पूजन का ये दिन केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है। बल्कि ये हमारे राष्ट्रीय जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। जब एक राष्ट्र के रूप में हम अपने शस्त्रों का सम्मान करते हैं। तो हम केवल हथियारों का नहीं। बल्कि सामूहिक शक्ति, सुरक्षा और स्वतंत्रता का भी सम्मान कर रहे होते हैं।

**शास्त्र-शस्त्रों के बीच संतुलन जरूरी :** राजनाथ ने देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का जिक्र करते हुए कहा, उनके एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र है। जिससे वो हमें ये संदेश देते हैं कि शास्त्रों की रक्षा केवल शस्त्र से ही की जा सकती है। उदाहरण के लिए अगर हमारे पास ज्ञान है और उसे बचाने की शक्ति नहीं है तो वह ज्ञान भी नष्ट हो जाएगा। इसी तरह से अगर हमारे पास केवल हथियार हैं। लेकिन उनका मार्गदर्शन करने वाला ज्ञान नहीं है। तो वह शक्ति अराजकता में बदल जाएगी। इसलिए शास्त्र और शस्त्र का संतुलन ही हमारी सभ्यता को जीवंत और अजेय बनाता है।

**शस्त्र पूजा तक सीमित नहीं भारत :** उन्होंने विजयदशमी पर की जाने वाली शस्त्र पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें ये मार्गदर्शन दिया है कि केवल शास्त्र, ज्ञान, विद्या और संस्कृति को ही संजोना पर्याप्त नहीं है। बल्कि शस्त्रों की शक्ति भी उतनी ही आवश्यक है। पूर्वजों की यही शिक्षा आज भी हमारे अंदर है। ऑपरेशन सिंदूर में पूरी दुनिया ने इस बात का अनुभव किया है। शस्त्र पूजा इस बात का प्रतीक है कि भारत केवल हथियारों की पूजा ही नहीं करता। बल्कि समय आने पर उनका इस्तेमाल करना भी जानता है। साथ ही मानता है कि शस्त्र केवल शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं है। बल्कि ये धर्म की स्थापना करने के साधन हैं। भगवान राम ने अपने धनुष से अधर्मी रावण का वध किया, मां दुर्गा ने असुरों का संहार किया। जबकि कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से अधर्मियों को समाप्त किया। शस्त्र भक्ति, आसुरी ताकतों के खिलाफ दैवी शक्ति के विजय का महात्म्य दर्शाते हैं। ऐसे में जब हम शस्त्र पूजा करते हैं। तो उसके साथ ये संकल्प भी लेते हैं कि इस शक्ति का प्रयोग केवल धर्म-न्याय की रक्षा के लिए होगा।

### जंग छेड़ना उद्देश्य...

को पूरी तरह से एक्सपोज कर दिया। जिससे दुनिया को भी ये संदेश चला गया कि भारत की सेनाएं जब, जहां, जैसे चाहें पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### इसी अक्टूबर महीने...

रूप से शुरुआत हो जाएगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत और हवाई सेवा समझौते की समीक्षा को लेकर हुई तकनीकी स्तर की बातचीत के पूरा होने के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन गई है। फिलहाल इस फैसले का संबंध सर्दी के आगामी मौसम में निर्धारित किए जाने वाले सीजन के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिसमें दोनों पक्षों की विमानन क्षेत्र की कंपनियों के व्यावसायिक निर्णय और सभी ऑपरेशनल मानकों की पूर्ति की बेहद अहम भूमिका होगी। इसके अलावा उड़ान सेवाओं का आगाज होने से भविष्य में भारत-चीन के आम-लोगों के बीच संबंधों को भी बढ़ावा मिलेगा। कोरोना महामारी और एलएसी विवाद की वजह से पूरी तरह से बेपटरी हो चुके संबंधों को इस फैसले की मदद से एक बार फिर से धीरे-धीरे सामान्य बनाने में मदद मिलेगी।

**विवाद से गर्त में जा पहुंचे थे संबंध :** उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शुरू हुआ विवाद पिछले साल अक्टूबर महीने में ही पूरी तरह से समाप्त हुआ है। जिसके बाद दोनों तेजी से अपने द्विपक्षीय संबंधों को पुनः सामान्य बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसी के तहत इस साल पहले पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत की गई, भारत में सरकारी माध्यम से करीब 750 लोगों ने यह यात्रा की है। चीन की तरफ से पर्यटक वीजा बहाल किया गया और अब भारत-चीन ने सीधी उड़ान सेवाओं को हरी झंडी प्रदान की है। एलएसी विवाद के खत्म होने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में 2024 में आमने-सामने की मुद्रा में हुई पहली बैठक ने भी बेहद अहम भूमिका निभाई थी। वर्तमान में भी दोनों पक्ष संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया में शीर्ष नेताओं द्वारा पूर्व में प्रदान किए मार्गदर्शन के मुताबिक ही निर्णय ले रहे हैं। वहीं, एलएसी विवाद के दौरान जून-2024 इलाके में विवाद तब चरम पर जा पहुंचा था। जब दोनों देशों की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में एक खूनी हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें भारत के 20 रणबांकुरे शहीद हुए। जबकि चीन के भी दर्जनों सैनिक मारे गए। सीमा पर दोनों ओर भारी-भरकम हथियारों के साथ सैनिकों की तैनाती बढ़ाई गई। लेकिन दूसरी ओर शीर्ष सैन्य अधिकारियों और कूटनीतिक स्तर पर वार्ता का दौर भी चलता रहा। अंत में शीर्ष राजनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप के बाद ही यह विवाद पूरी तरह से खत्म हुआ है। अभी एलएसी पर हालात सामान्य बनाने की जरूरी प्रक्रिया जारी है।

**इन रूटों पर चलेंगी फ्लाइट :** दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की बात करें तो बहुत संभावना है कि नई दिल्ली और मुंबई से चीन की राजधानी बीजिंग, शंघाई, ग्वांगझू और चेंगदू जैसे शहर आपस में जुड़ेंगे यानी इनके बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। 2020 की शुरुआत से ही भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवा बंद है। जिसके चलते दोनों देशों के लोगों को सिंगापुर, हांगकांग जैसे अन्य देशों से होते हुए अपना हवाई सफर करना पड़ता था। जो न केवल हवाई यात्रा से जुड़ी हुई दूरी के लिहाज से काफी लंबा है। बल्कि इससे यात्रियों पर भी बहुत अधिक आर्थिक बोझ पड़ता है।

### रेलवे बोर्ड अध्यक्ष का...

विभिन्न सुधारों पर यात्रियों से फीडबैक लिया। श्री सतीश कुमार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 8 सफाई मित्रों को एवं 3 छात्रों को, जो स्वच्छता के थीम पर आयोजित पेंटिंग कंपटीशन के विजेता थे, सम्मानित किया। अमृत संवाद रेलवे अधिकारियों और नागरिकों के बीच संवाद के लिए एक सीधा मंच प्रदान करता है, जिससे यात्रियों की प्रतिक्रिया, चिंताओं और सुझावों पर ध्यान दिया जा सके। अमृत संवाद पूरे भारतीय रेलवे में अमृत स्टेशनों एवं अनेक अन्य प्रमुख स्टेशनों पर 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

इस पहल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला जाएगा, जिनमें शामिल हैं:

- उन्नत प्रतीक्षालय और शौचालय।
- बेहतर लिफ्ट, एस्केलेटर और यात्री सूचना प्रणाली।
- मुफ़्त वाई-फ़ाई और "एक स्टेशन एक उत्पाद" कियोस्क।
- भूनिर्माण और सौंदर्य संवर्धन।
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ और अन्य सुगम्यता उपाय।

**अमृत संवाद आगे के सुधारों के लिए सुझाव भी एकत्र करेगा, जैसे:**

- बेहतर यातायात और शहरी परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकरण।
- अतिरिक्त यात्री सुविधाएँ।
- ऊर्जा-कुशल और टिकाऊ समाधान।
- बेहतर प्लेटफ़ॉर्म कवर और यात्रियों के लिए व्यक्तिगत सुविधाएँ।
- यह पहल नागरिकों की भागीदारी को मज़बूत करने, स्टेशनों के आधुनिकीकरण में सहयोग देने और अमृत काल के दौरान एक विकसित, आधुनिक और यात्री-अनुकूल रेलवे नेटवर्क के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप कार्य करने पर केंद्रित है।
- "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के दौरान, भारतीय रेलवे ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई।

### 8 तक मनेगा ....

देवी-देवता ढालपुर में अपने अस्थायी शिविरों में विराजमान हुए थे। इस बार दशहरा उत्सव समिति ने 332 देवी-देवताओं को न्योता दिया था। भगवान रघुनाथ के सम्मान में दशहरा पर्व 365 वर्षों यानी 1660 ईसवी से मनाया जा रहा है। इसे देवताओं का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जहां स्थानीय परंपरा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलता है। ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में देवी-देवताओं की उपस्थिति से घाटी देवमयी हो गई है। अपने-अपने देवताओं के साथ देवलू नाचते-गाते ढालपुर पहुंचे। दिव्य देव मिलन आकर्षण का केंद्र बना। रथ मैदान से भगवान रघुनाथ की रथयात्रा से महाकुंभ शुरू हुआ और पूरा ढालपुर देवलोक में तब्दील हो गया। इससे पहले 2:00 बजे भगवान रघुनाथ पुलिस के कड़े पहरे के बीच पालकी में सवार होकर अपने देवालय से ढालपुर रवाना हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और भगवान रघुनाथ के अस्थायी शिविर में जाकर आशीर्वाद लिया।

### प्रियांक ने बताई ....

हिस्सा लेने की संभावना है। प्रियांक ने आगे कहा कि सभी की चिंता, समर्थन और स्नेह के लिए हम आभारी हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से किए गए पोस्ट में लिखा कि आप शीघ्र स्वस्थ हों। आपको शक्ति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को बेंगलुरु के रमैया मेमोरियल अस्पताल पहुंचकर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का हालचाल जाना।

### बोले, भारत के राजदूत...

मामले पर उसकी हकीकत दिखाई और जरूरी टिप्पणी भी की।

**दुष्प्रचार के लिए वैश्विक मंचों का उपयोग :** हुसैन का ये जवाब पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र से जुड़े हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ लगातार किए जा रहे दुष्प्रचार से उसकी छवि खराब करने की कोशिशों पर तुरंत नकेल कसने के लिए दिया गया था। जिसमें उन्होंने कहा कि यह सब कुछ ऐसे समय में और अधिक हास्यास्पद लगता है। जब मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले में पड़ोसी दुश्मन देश के खुद के हालात ठीक नहीं हैं और वह दूसरों को उपदेश देने में लगा हुआ है। बैठक में मौजूद भू-राजनीतिक शोधकर्ता जोश बोज ने बलूचिस्तान में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले को उठाया और कहा कि भारत की लगातार की जाने वाली आलोचना के बीच पाकिस्तान अपने बेहद संवेदनशील समुदाय की आवाज को दबाने में लगा हुआ है। जबकि इनके प्रति उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

### सोचनीय हैं ईशनिंदा...

नासिर खान ने यूएन व अन्य वैश्विक संस्थाओं, संगठन से आग्रह किया कि वो पाकिस्तान से कहें कि वो पीओके में बढ़ते दबाव पर रोक लगाए। हालात ऐसे ही रहे तो क्षेत्र में एक गंभीर मानवीय संकट पैदा होने का खतरा है। पाकिस्तान ने इलाके में अपने सेना के रेजरों की तैनाती की है। फोन और इंटरनेट सेवा ठप है। जिसकी मदद से स्थानीय आमजन की क्षेत्र और वहां मौजूद संसाधनों पर अधिकार के साथ ही मौलिक अधिकारों को लेकर किए जा रहे अहिंसक आंदोलन को दबाया जा सके। यह पहला मौका नहीं है जब यूएन के मंच पर अल्पसंख्यकों पर किए जाने वाले अत्याचार, उनके उत्पीड़न को लेकर पाकिस्तान को यूं चौतरफा नसीहत दी गई है। इससे पहले इसी साल के जुलाई महीने में उसे अहमदिया मुसलमानों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के मामले को लेकर भी वैश्विक जानकारों की तरफ से आईना दिखाया गया था।

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत
रजनी अरोड़ा





बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1. दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2. गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3. रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

# लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता
डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खग पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




जॉन, अंबिकापुर


आशना, जांजगीर


आन्या, दुर्ग


रेयांश, बिलासपुर


माही, महासमुंद


डॉली, मटियारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# मछली पकड़ने गए युवकों पर गिरी आकाशीय बिजली

## एक की मौत, एक की हालत गंभीर, घरघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मछली पकड़ने तालाब गए एक युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, दूसरे युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

इसी तरह की एक अन्य घटना छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है, यहां भी एक युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, घरघोड़ा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 निवासी संजय भारद्वाज 30 वर्ष और अनिप उरांव 24 वर्ष, पिता गणेश उरांव, दोनों दोस्त कल दोपहर दोनों मछली पकड़ने नगर में ही स्थित मुरली तालाब गए थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और फिर आकाशीय बिजली की चपेट में



आकर दोनों युवक झुलस गए। बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जहां संजय तालाब में गिर गया और अनिप उरांव दूर गिरा। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों युवकों को तत्काल घरघोड़ा सिविल अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने संजय भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे युवक अनिप उरांव का इलाज जारी है। इस घटना की जानकारी मिलते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की है।

### छाल थाना क्षेत्र में भी गिरी बिजली

इसी तरह की एक अन्य घटना में छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुनुंद निवासी खातिरराम राठिया 26 साल की मौत हो गई। वह बीती रात 8 बजे के आसपास किसी काम के सिलसिले में उप स्वास्थ्य केंद्र की तरफ जा रहा था। इस दौरान अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आकर उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि छाल क्षेत्र में गंजाईपाली गांव में एक दिन पहले ही आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो युवकों के अलावा तीन बकरियों की मौत हो गई थी। छाल क्षेत्र में लगातार आकाशीय बिजली की चपेट में आकर हो रही मौत को लेकर अब क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल भी देखा जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पार कर रही महिला की सड़क हादसे में मौत



कोरबा। कोरबा के पाली थाना क्षेत्र के चैतमा चौकी के पास एक सड़क दुर्घटना हुई है। एक अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना कपोट गांव में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया और उचित मुआवजे की मांग की। वहीं, तीन घंटे की मशक्कत के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया। मृतक महिला की पहचान नवाडीह कपोट निवासी जमुना बाई पोर्ते के रूप में हुई है। परिजनों की माने तो रोज की तरह गुरुवार की सुबह घर से चाय नाश्ता कर गांव से लगे खेत को देखने के लिए जा रही थी इस दौरान तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। वहीं, चक्का जाम की सूचना पर कटघोरा थाना पाली थाना और चैतमा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया। जहां तीन घंटे की मशक्कत के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया। नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत करा पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक मदद की बात कही।

## खबर संक्षेप



### पटवा ने पशुओं की सेवा करने की दी सलाह

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने सेवा पखवाड़ा के तहत मानवीय सेवा और समर्पण भावना के तहत पशुओं को सेवा और देखभाल करने करने की सलाह दी। उन्होंने कहा पशुओं की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है।

### सेवा पखवाड़े के तहत किया पौधरोपण



**औबेदुल्लागंज।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में जागरुकता स्वास्थ्य शिविर एवं पौधारोपण आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र नागर, प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने शिविर का शुभारंभ किया। शासकीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र राजपूत, डॉ. दीक्षा ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

### स्टार्टअप्स के लिए बजट अब रोड़ा नहीं

**इंदौर।** कई बार स्टार्टअप्स में बढ़ने की क्षमता तो होती है, लेकिन मूल जानकारी की कमी, संसाधनों की कमी और सही स्टोरीटेलिंग न होने के कारण वे अपने प्रोडक्ट्स और विचार लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुँचा पाते और उनके प्रयास भीड़ में कहीं खो जाते हैं। इस चुनौती को समझते हुए, उत्तर भारत की अग्रणी पब्लिक रिलेशन्स कंपनी, पीआर 24x7 एक विशेष पहल के साथ आगे आई है। कंपनी का उद्देश्य है कि उचित ब्रांडिंग के माध्यम से इन स्टार्टअप्स के प्रोडक्ट्स और स्टोरीटेलिंग उनकी टारगेट ऑडियंस तक पहुँचें और वे बाज़ार में अपनी पैठ बना सकें। कंपनी यह खास पहल नवरात्रि और अपने 10 वर्ष पूरे होने के जश्न के अवसर पर कर रही है, जिसमें 100 स्टार्टअप्स को प्रिंट और ऑनलाइन मीडिया के माध्यम से सहयोग मिलेगा।

## दोस्त के साथ झांकी देखने बरखेड़ा पठानी पहुंचा था युवक

# जूते चोरी न हों इसलिए बिजली बोर्ड के पास रखे उठाने के दौरान पहनते ही लग गया करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में मंगलवार रात झांकी पंडाल में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ यहां झांकी देखने पहुंचा था और जूते छिपाकर पंडाल में रख दिए थे। लौटते समय उसने एक जूता पहना और दूसरा पहनते समय पास इलेक्ट्रिक बोर्ड के खुले तार के संपर्क में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के प्रयास में उसके साथी को भी करंट का झटका लगा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अनुज कुर्मी पिता गोविंद कुमार कुर्मी (25) गांव वरुअल, तहसील कुरवई, जिला विदिशा का था। वह अशोका गार्डन इलाके में किराए से रहता था और सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रहा था। उसके पिता गोविंद कुर्मी गांव में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं।

अनुज अपने साथी के साथ मंगलवार रात झांकी देखने के लिए निकला था। दोनों साथी बरखेड़ा पठानी स्थित चार धाम की झांकी देखने पहुंचे। भीड़-भाड़ अधिक होने के कारण उनका नंबर पौने 11 बजे के आसपास लगा। झांकी पंडाल में जूते चप्पल रखने के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन अनुज और उसके साथी ने जूते उतारकर नियत जगह पर नहीं रखे और पंडाल में छिपाकर रखे थे, ताकि चोरी न हो सकी। दुर्भाग्यवश उन्होंने जूते जिस जगह रखे थे, वहां पंडाल की इलेक्ट्रिसिटी की सप्लाई के लिए बोर्ड लगाया गया था। अनुज और उसके साथी ने झांकी के दर्शन किए। करीब पंद्रह मिनट बाद वह पंडाल में उस जगह पहुंचे, जहां जूते रखे थे। एक जूता अनुज ने पहन लिया था। वह दूसरा जूता पहन रहा था। उसने अपना हाथ पास बोर्ड के पास रखे बांस पर रखा। इसी दौरान पास से गुजरे इलेक्ट्रिक बोर्ड के तार से उसका हाथ टकरा गया। तार कटा हुआ होने के कारण उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। उसके साथी ने उसे करंट से हटाने का प्रयास किया और उसे भी करंट का झटका लगा था। झटका लगने से वह गिर गया। इसके बाद दौबारा उठकर उसने जूते चप्पल से अनुज को करंट से बचाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर हो चुकी थी।

### एम्स पहुंचते तक हो गई मौत

पुलिस ने बताया कि अनुज का साथी उसे जूते चप्पल से करंट से हटाकर एम्स लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अनुज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

कोलार थाना क्षेत्र स्थित एजी क्लासिक सिटी में सतपुड़ा वल्लभ के कर्मचारी की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह करीब 9 महीने से डिप्रेशन में थी और कहती थी कि मुझे भगवान नजर आते हैं। परिजन उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी करा रहे थे। पुलिस ने उसका शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि प्रीति द्विवेदी पिता बीपी द्विवेदी (27) एजी क्लासिक सिटी, अमरनाथ कॉलोनी में रहती थी। उसके पिता बीपी द्विवेदी सतपुड़ा वल्लभ भवन में नौकरी करते हैं। बीपी द्विवेदी ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी के अलावा छोटा बेटा और बड़ी बेटी प्रीति (27) साल थी। प्रीति इंदौर की एक कंपनी में जॉब कर रही थी। वर्क फ्रॉम होम होने के कारण वह घर आई हुई थी। मंगलवार सुबह वे ड्यूटी चले गए। शाम को घर लौटे तो पत्नी पूजा करने मंदिर गई हुई थी। कमरे में बेटा बैठकर पढ़ाई कर रहा था। वे प्रीति के कमरे में पहुंचे। कमरे का दरवाजा बंद था। करीब पंद्रह मिनट बाद फिर पहुंचे और प्रीति को आवाज दी। इस पर भी प्रीति ने दरवाजा नहीं खोला। बीपी द्विवेदी ने दरवाजे को धक्का दिया तो प्रीति दुपट्टे के फंदे पर लटकी नजर आई। वे बेटी को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर प्रीति को मृत घोषित कर दिया।

### परिजन ने प्रेमी से शादी कराने से किया इंकार तो युवती ने पहले खाया जहर, फिर लगाई फांसी

भोपाल। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव कोलूखेड़ी में एक युवती ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्ताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह किसी युवक से प्रेम करती थी और उससे शादी करना चाहती थी, जबकि परिजन बेटी की शादी उस युवक से नहीं कराना चाहते थे। पुलिस के अनुसार शिवानी अहिरवार पिता विष्णु अहिरवार (22) गांव कोलूखेड़ी, थाना ईंटखेड़ी में रहती थी और बारहवीं कक्षा में पढती थी। गत16 सितंबर को उसने घर में रखा कोई जहर खा लिया। जहर खाने से उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टियां करने पर परिजन ने उससे पूछा तो उसने बताया कि जहर खा लिया है। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां शिवानी का इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवानी किसी युवक से प्रेम करती थी और उससे शादी करना चाहती थी। परिजन चाहते थे कि शिवानी उस युवक से शादी न करें और हमारी मर्जी से शादी करें। इसी बात को लेकर शिवानी ने विवाद के बाद फांसी लगा ली।

## तेज रफ्तार वाहन पुलिया से टकराया, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग आड़ावाल में सुबह के समय एक तेज रफ्तार गाड़ी सड़क पर पुलिया की रेलिंग से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

आसपास के लोगो ने मौके पर पहुंच वाहन में बैठे लोगों को बाहर निकाला और चालक को भी अस्पताल ले गए। मामले के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर आ पहुंचे और घायलों को वाहन से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। वाहन सवार कुछ लोग घायल हुए हैं, सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालते हुए घायलों को सुरक्षित अस्पताल भेजने में जुट गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुलिस नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करे।

## नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम पुजारीकांकेर में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है।

बीती रात को नक्सलियों ने मड़कम भीमा की मुखबिरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की रात करीब 9 बजे नक्सली मड़कम भीमा के घर पहुंचे। उन्होंने भीमा को घर से बाहर निकाला और मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उस पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दिया। घटना की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसूर थाना में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अब मैनिट के सिविल इंजीनियर करेंगे पीएम एक्सीलेंस हमीदिया महाविद्यालय का परीक्षण

### बिल्डिंग का हिस्सा ढहने के मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी स्थित पीएम एक्सीलेंस हमीदिया कॉलेज में दो दिन पहले बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहने के मामले में अब उच्च शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है।

इस मामले में बुधवार को मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर को भवन के निर्माण अथवा मेटेंनेंस के लिए निरीक्षण के बाद तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने इस मामले में हमीदिया कॉलेज के प्राचार्य को आदेश भी जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि शासकीय हमीदिया कॉलेज के पुराने भवन स्थित प्राचार्य कक्ष के अचानक ध्वस्त हो जाने के मामले में मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग ंड आर्किटेक्चर भवन का विस्तृत सर्वेक्षण एवं संरचनात्मक परीक्षण करेगा। इस परीक्षण के बाद दोनों संस्थाएं तय करेंगी कि भवन सुधार किया जाएगा अथवा भवन का पुर्ननिमाण किया जाना है। इसकी पूरी रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को जल्द प्रस्तुत की जाना है।

### सुरक्षा का रखें ध्यान

जारी आदेश में कहा गया है कि शासकीय हमीदिया कॉलेज में भवन का एक हिस्सा ढह जाने के बाद अब पूरे कॉलेज स्टाफ तथा छात्र छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से भवन के क्षतिग्रस्त हिस्से को पूरी तरह प्रतिबंधि अथवा बंद किया जाए। साथ ही इस स्थान पर अस्थाई सुरक्षा उपाय लागू करने जैसे कदम उठाना भी सुनिश्चित किया जाए।

### सफाई कंपनी को नोटिस थमाया

## चार्ज लेते ही डॉ. शर्मा ने 12 घंटे में जेपी अस्पताल में दो बार दी दस्तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन का प्रभार लेते ही सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा एक्शन में नजर आए। मंगलवार की रात 10 बजे डॉ. मनीष शर्मा बिना सूचना दिए जेपी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी देखकर डॉ. शर्मा ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए अस्पताल में पर्याप्त सफाई न मिलने पर सफाई एजेंसी को नोटिस भी जारी किया है। बुधवार सुबह 10 बजे डॉ. शर्मा ने दोबारा जेपी अस्पताल की ओपीडी और किचन का दौरा किया। किचन में खाद्य सामग्री की खराब गुणवत्ता देखकर डॉ. शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी से सैंपल करवाए। किचन की अव्यवस्थाओं के लिए कॉन्ट्रेक्टर को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 28 शूटर्स को एक माह में करना होगी अपील

## पचास शूटर्स का आधा होगा कारतूस का कोटा, दोबारा से तैयार की जा रही रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



स्पोर्टस कोटे में दस हजार से एक लाख कारतूस देने के नियम का फायदा उठाते हुए कारतूस की कालाबाजारी के इनपुट के बाद जिला प्रशासन ने 28 शूटर्स के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं, जबकि दो के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, इन्हें सुनवाई का मौका दिया गया है।

इधर बीस से अधिक शूटर्स की गहन जांच की जा रही है। इन शूटर्स पर भी गाज गिर सकती है। ऐसे में बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और डीसीपी इंटेलीजेंसी दीपक नायक ने बीस अन्य शूटर्स की गहन जांच की है, जिसके आधार पर इन शूटर्स पर भी कार्रवाई की जा सकती है। इधर शेष बचे पचास शूटर्स के कारतूस कोटे को आधा भी किया जा सकता है। जांच में देखा जा रहा है कि पिछले 10 साल में शूटर्स ने कितने कारतूस खरीदे और उसमें से कितने चलाए। अफसरों का कहना है कि 80 में से अब 50 शूटर्स का रिकॉर्ड को बारीकी से चेक किया जा रहा है। रिकॉर्ड चेक होने के बाद कारतूस का कोटा घटाया जा सकता है। इधर जिन शूटर्स के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उन्हें एक महीने के अंदर गन और कारतूस बेचना पड़ेंगे।

### लाइसेंस निरस्त करने की अलग-अलग वजह

जांच टीम की रिपोर्ट में पता चला कि कई शूटर्स के पास स्पोर्टस गन के साथ अन्य गन भी हैं। शूटर होने के बावजूद गन की व्यापार की तरह खरीद-फरोख्त की। अपराध दर्ज होने पर भी झूठी घोषणा कर गन लाइसेंस रिन्यू कराया और शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस के दौरान कारतूस का रिकार्ड पेश नहीं किया। जिसको देखते हुए इन शूटर्स पर कार्रवाई की गई है।

### चिकित्सा सुधार और डॉक्टरों की सुरक्षा को दी जाएगी प्राथमिकता

## डीएमए ने घोषित की हरियाणा की कार्यकारिणी डॉ अनूप अध्यक्ष और डॉ दहिया उपाध्यक्ष बने

### नई टीम में अनुभवी विशेषज्ञ और युवा चिकित्सक शामिल किए

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने वर्ष 2025-26 के कार्यकाल के लिए हरियाणा एवं चंडीगढ़ टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी। यह घोषणा डीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित व्यास की स्वीकृति और गवर्निंग काउंसिल के विचार विमर्श के बाद ये नियुक्ति की गई है। नई टीम में अनुभवी विशेषज्ञों के साथ ही समर्पित युवा चिकित्सकों को शामिल किया है। डॉ. अनूप को हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। डॉ. विवेक दहिया को प्रदेश उपाध्यक्ष और डॉ सुमित बिश्नोई एवं डॉ दीपक यादव को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। डॉ रोहित सांगवान, डॉ हिमानी शर्मा, डॉ अलीशा पांचाल एवं डॉ हर्षित व्यास को राज्य संयुक्त सचिव का पद मिला है। प्रदेश प्रवक्ता पद पर डॉ ज़ैद खान और डॉ हीरेन बुद्धिराजा की नियुक्ति हुई है। प्रदेश संयोजक डॉ परमानंद रहेंगे। साथ ही डॉ दीपक शर्मा(कालका) एवं डॉ अंकित राणा(यूरोलॉजिस्ट) को राज्य फैकल्टी, कुलवंत व्यास (स्टेट आरटीआई सेल हेड), एडवोकेट विजेंद्र(लीगल एडवाइजर), के नामों का ऐलान किया गया है।



डॉ सुमित व डॉ दीपक राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त कुलवंत व्यास स्टेट आरटीआई सेल हेड और डॉ. विनोद व्यास सामाजिक कल्याण सचिव बने

### इन्हें भी मिली नियुक्ति

- ⏭ डॉ चेतन जैन, डॉ चिराग, डॉ कुलदीप सांवरिया, डॉ सुधीर श्योराण और डॉ हितेश दहिया को जेआर सचिव बनाया। डॉ वैभव रोहिला, डॉ अर्जुन, डॉ यशवर्धन को एंटी-रैगिंग सचिव बनाया गया है। मेंटल हेल्थ सचिव का दायित्व डॉ प्रिंस गुप्ता, डॉ मंगल एवं डॉ विक्रांत खटकड़ को मिला।
- ⏭ इंटर्न्स सचिव डॉ सृष्टि, डॉ सचिन मलिक एवं डॉ दिव्यांश रहेंगे। डॉ कुनैन, डॉ निकिता मलिक, डॉ अर्पण को ऐकडेमिक सेल का दायित्व।
- ⏭ एफएमजी सचिव पद पर डॉ दीपाली, डॉ गौरव खत्री एवं डॉ वसीम की नियुक्ति हुई है। पीआर सेल को डॉ रितीश एवं डॉ शुभम सांगवान संभालेंगे। महिला प्रकोष्ठ सचिव डॉ महक दहिया, डॉ मनिका शर्मा, डॉ सोनिया ढाँढ़ा एवं डॉ चित्रांशी रहेंगे।
- ⏭ स्टूडेंट विंग सचिव पद पर वंशज, सन्नी, शीनम, हिमांशु, पारस, आयुष पारीक, मोहित खर्ब, योगेश, तन्मय, दीपक, आरती, अनुष्का, दमनप्रीत को नियुक्त किया है।
- ⏭ डॉ साहिल सैनी, डॉ सचिन कंबोज एवं मुस्कान गौतम को डेंटल सचिव बनाया है। -सोशल मीडिया टीम में डॉ अमीषा मिश्रा, डॉ अंशिका गुप्ता, डॉ वृंदा लाठर, आलिया, नायशा और दीक्षा शामिल।
- ⏭ सामाजिक कल्याण सचिव डॉ. विनोद व्यास रहेंगे। विशेष कार्य समिति में प्रतिभा, निशा, अनिशा, प्रिया शामिल।

### राष्ट्रीय प्रमुख एवं अध्यक्ष डॉ. अमित का संदेश

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने कहा कि नई टीम चिकित्सा शिक्षा में व्यापक और सार्थक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।डॉक्टर्स की गरिमा, सुरक्षा और कल्याण की रक्षा करना केवल डॉक्टर्स के हित में ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के हित में है। हमारा संकल्प है कि हर नागरिक को सुरक्षित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि देश का स्वास्थ्य तंत्र और अधिक मजबूत हो सके।

## सेवा पखवाड़े के तहत इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के 53 स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए

### इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. खनगवाल ने दी जानकारी

### शिविरों में लोगों को मुफ्त में दी गई दवाइयां, शिविरों में 6350 मरीजों की जांच

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर चलाए गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा ने प्रदेश में 75 स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया और लोगों मुफ्त में दवाइयां वितरित की। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि हरियाणा के लगभग सभी जिलों में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के डॉक्टर्स द्वारा मेडिकल जांच शिविर लगाए गए और लोगों की जांच कर



दवाइयां दी गई। इस जांच शिविरों में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। उन्होंने बताया कि 75वां स्वास्थ्य शिविर गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के सोनीपत स्थित पर सम्पन्न किया गया। सेवा पखवाड़े के दौरान कुल 6350 मरीजों की जांच की गई और ईकेएचडी फार्मा की चेयरपर्सन डॉ. उषा खनगवाल ने बताया कि सभी शिविरों में ईकेएचडी फार्मा की तरफ से दवाइयों का मुफ्त वितरण किया गया। सोनीपत में गुरुवार को बड़ोली के आवास पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 तक चला। बड़ोली ने भी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की इस मुहिम का समर्थन किया और डॉक्टर्स की सराहना की। उन्होंने गुरुवार को सभी डॉक्टर्स को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

## चिंतन

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

कुत्ते की दुम को चाहे 14 साल नली में रखो, तो भी वह टेढ़ी ही रहेगी। हिन्दी की यह कहावत पड़ोसी पाकिस्तान पर सौ फीसदी फिट बैठती है। लगातार भारत से हार के झटके खाने के बाद भी वो सुधरने का नाम नहीं ले रहा। अभी बीते दिनों ही आपरेशन सिंदूर में हार से सबक लेने की बजाए वो अब नई खुराफात में लगा है। लगातार खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तान सर क्रीक क्षेत्र में अपनी सेना के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने में जुटा है। सर क्रीक विवाद 1960 के दशक से दोनों देशों के बीच लंबित है। सर क्रीक विवाद की वजह ये है कि भारत और पाकिस्तान यहां अपनी समुद्री सीमाओं की व्याख्या अलग तरह से करते हैं। वैसे इस विवाद की नींव 1914 के बॉम्बे सरकार के एक प्रस्ताव से पड़ गई थी। उस प्रस्ताव का मकसद सिंध और कच्छ डिवीजनों के बीच सीमा रेखा तय करना था। इसके नौवें पैराग्राफ के अनुसार सीमा क्रीक के पूर्व में पड़ती है। मतलब क्रीक सिंध का हिस्सा होता, लेकिन, साल 1947 में देश के बंटवारे के बाद, सिंध पाकिस्तान में चला गया और कच्छ भारत का हिस्सा बन गया। ऐसे इलाकों के लिए बने एक खास नियम को 'थैलवेग सिद्धांत' के नाम से जाना जाता है। पर पाकिस्तान का दावा है कि सर क्रीक में जहाज नहीं चल सकते। इसलिए, वह कहता है कि थैलवेग सिद्धांत यहां लागू नहीं होना चाहिए। जबकि,भारत का कहना है कि जब ऊंची ज्वार आती है तो यह पूरा इलाका जहाज चलाने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो जाता है। यह भारतीय उपमहाद्वीप में मछली पकड़ने के लिए सबसे बड़ा इलाका है। इसी वजह से यहां आए दिन पाकिस्तानी मछुआरे चोरी छिपे घुसने की कोशिश में पकड़े जाते हैं और उनकी नौकाएं जब्त कर ली जाती हैं। पाकिस्तान अपने नापाक इरादों को अंजाम देने की कोशिश में यहां हमेशा लगा रहता है, लेकिन, दुर्गम दलदली क्षेत्र होने की वजह से यहां आवाजाही बहुत मुश्किल है। इसी इलाके में वह बदनाम क्षेत्र भी है, जो हरामी नाला के नाम से कुख्यात है। सुरक्षा बलों के लिए भी यहां गश्ती आसान नहीं है, क्योंकि गर्मियों में यहां दिन अत्यधिक गर्म और सर्दियों में रातें भयानक ठंडी हो जाती हैं। गुजरात के कच्छ के रण और पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर लंबा दलदल वाला एक ज्वारीय मुहाने का नाम एक ब्रिटिश नागरिक पर पड़ा है। अब पाकिस्तान इस क्षेत्र में आर्मी के लिए सुविधाएं जुटाने में लगा है। उसकी इस नापाक हरकत पर विजयदशमी के दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि सर क्रीक का एक रास्ता कराची तक भी जाता है। रक्षा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने विवाद को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की कई सारी कोशिशें कीं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में ही खोट है, इसका इरादा अस्पष्ट है। सर क्रीक से सटे इलाके में पाकिस्तानी आर्मी ने हाल में जिस तरह से मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है, वह उसका इरादा उजागर करता है। उसने अगर गुस्ताखी की तो उसका इतिहास और भूगोल दोनों बदल सकते हैं। ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस चेतावनी के बाद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आएगा। क्योंकि उसकी फितरत ही नापाक हरकतें करने की है। वो कहावत है ना कि जूते के आदी बातों से नहीं मानते, बस यही हाल हमारे पड़ोसी का भी है। भारत को हमेशा इसके लिए तैयार रहना होगा, तभी हम पाक को नापाक करते रहेंगे।



**गाजा प्रकरण**

डॉ. एन. के. सोमानी

# शांति के प्रयास में हमास का सहयोग जरूरी

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मुलाकात के बाद जिस 20 सूत्री योजना का खाका सामने आया है, उससे पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस योजना में इजरायली बंधकों को रिहा करने, हमास को हथियार विहीन करने व गाजा के पुनर्विकास की बात कही गई है। इजरायल ने योजना पर अपनी सहमति दे दी है लेकिन हमास अभी किन्तु-परन्तु की स्थिति में है। हमास का कहना है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। कुल मिलाकर कहें तो प्रस्तावित शांति योजना में हमास को क्षेत्र से पूरी तरह से बाहर करने की कोशिश की गई।

पिछले दो साल से जंग की आग में झुलझ रहे गाजा में शांति बहाली की हल्की उम्मीद दिखाई देने लगी है। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मुलाकात के बाद जिस 20 सूत्री योजना का खाका सामने आया है, उससे पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस योजना में इजरायली बंधकों को रिहा करने, हमास को हथियार विहीन करने व गाजा के पुनर्विकास की बात कही गई है। इजरायल ने योजना पर अपनी सहमति दे दी है लेकिन हमास अभी किन्तु-परन्तु की स्थिति में है। हमास का कहना है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। हालांकि ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके पास तीन-चार दिन का वक्त है, वरना परिणाम दुखद होंगे। लेकिन सवाल यह है कि जिस तरह से ट्रंप ने अपनी योजना में गाजा की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था से हमास को पूरी तरह से अलग रखने की बात कही है क्या हमास उसको स्वीकार कर सकेगा। दूसरा योजना में जिस तरह से फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर प्रस्तुत करने की परिकल्पना की जा रही है, नेतन्याहू इसके लिए राजी होंगे। यह सवाल इसलिए बड़ा हो जाता है क्योंकि नेतन्याहू ने कभी भी फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर स्वीकार नहीं किया है। पिछले दिनों जब ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता देने का ऐलान किया तो नेतन्याहू ने इसे आंतकवाद को प्रोत्साहित करने का बेतुका इनाम बताते हुए इजरायल के अस्तित्व को खतरे में डाल देने वाला कदम कहा। ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि ट्रंप की प्रस्तावित शांति योजना जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते की तरह हमास-इजरायल हथकंडों की भेंट चढ़ जाए।

डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल-हमास के बीच युद्ध विराम को लेकर अरब देशों के साथ एक 20 सूत्री शांति प्रस्ताव साझा किया है। शांति प्रस्ताव में इजरायल-हमास के बीच जारी संघर्ष को रोकने व पश्चिम एशियाई क्षेत्र में शांति के लिए गाजा को कट्टरपंथ और आतंकवाद मुक्त क्षेत्र बनाने की बात कही गई है। प्रस्तावित शांति योजना के अनुसार इजरायल गाजा पर दावा नहीं करेगा और कभी उस पर कब्जा करने की कोशिश नहीं करेगा। दोनों पक्षों की सहमति पर युद्ध विराम लागू होगा। इजरायली सेना पीछे हटेगी और बंधकों की रिहाई की तैयारी की जाएगी। इस दौरान सभी सैन्य गतिविधियां स्थगित रहेंगी। इसके अलावा शांति योजना में हमास को 72 घंटे के भीतर सभी बंधकों (जीवित या मृत) को वापस करना होगा। बंधकों की रिहाई के बाद इजरायल आजीवन कारावास की सजा काट रहे 250 कैदियों और 1700 गाजा वासियों को रिहा करेगा। प्रस्तावित शांति योजना में गाजा के पुननिर्माण का चरणबद्ध उल्लेख किया गया है। गाजा के पुननिर्माण का काम वहां के नागरिकों की इच्छानुसार जाएगा। प्रशासनिक कार्य के लिए एक गैर राजनीतिक समिति का गठन किया जाएगा। हमास और अन्य गुटों को इस समिति से दूर रखा जाएगा। समिति के कार्यों की निगरानी के लिए एक बोर्ड ऑफ पीस का प्रावधान भी किया गया है जिसके अध्यक्ष स्वयं डोनाल्ड ट्रंप हैं। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर सहित अन्य वैश्विक



नेताओं को बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। बोर्ड का मुख्य कार्य गाजा के विकास और इसके लिए वित्तीय संसाधन जुटाने का होगा। हमास और अन्य गुटों से समझौते की पालना करवाने और गाजा भविष्य में किसी अन्य देश के लिए खतरा नहीं बनेगा, इस बात की जिम्मेदारी क्षेत्रीय देशों के कंधों पर डाली गई है। क्षेत्र में शांति स्थापना के प्रयासों को किसी तरह से नुकसान न पहुंचे, इसके लिए अमेरिका अपने अरब और दूसरे अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय बल तैनात करेगा। यह बल फिलिस्तीन में पुलिस प्रणाली को विकसित और प्रशिक्षित करने का काम भी करेगा।

कुल मिलाकर कहें तो प्रस्तावित शांति योजना में हमास को क्षेत्र से पूरी तरह से बाहर करने की कोशिश की गई। दरअसल, सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच छिड़ी जंग में अब तक 66 हजार से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी हैं जिनमें बड़ी संख्या में बच्चों और औरतें भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन गाजा के मानवीय संगठन पर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश गाजा में तत्काल युद्ध विराम करने और इजरायल से नागरिकों की मदद करने के लिए मानवीय सहायता उपलब्ध करवाने का आग्रह कर रहे हैं। लेकिन अमेरिकी शह के चलते इजरायल सभी तरह के प्रस्तावों की अनदेखी करता रहा।

हालांकि, इससे पहले जनवरी माह में 15 महीने के नरसंहार के बाद दोनों पक्ष तीन चरणों वाले युद्ध विराम समझौते के लिए सहमत हुए थे। इस समझौते में 19 जनवरी से छह सप्ताह के लिए सैन्य कार्रवाइयों पर रोक लगाने, इजरायली सेना के वापस लौटने और जबरन विस्थापित हुए फिलिस्तीनियों को अपने घरों को लौटने की बात कही गई थी। समझौते में गाजा में बंदी बनाए गए इजरायली नागरिकों को रिहा करने व इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनियों को रिहा करने की बात कही गई थी। युद्ध विराम समझौते में इजरायल ने प्रतिदिन गाजा में 600 ट्रक मानवीय सहायता भेजने की अनुमति दी थी। लेकिन मार्च के मध्य में समझौते के दूसरे चरण पर चर्चा शुरू हो पाती, उससे पहले ही इजरायल ने हमास पर हथियार जुटाने तथा नये हमले की योजना बनाने का आरोप लगाकर समझौता समाप्त कर दिया और गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर हमले तेज कर दिए। हमले के पीछे इजरायल का तर्क था कि हमास बंधकों की रिहाई में आना-कानी कर रहा है। निसंदेह, ट्रंप की योजना फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ-साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास के स्वप्न को साकार करने में एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। लेकिन योजना की सफलता का बड़ा दारोमदार हमास और इजरायल के नेताओं की सद्इच्छा पर निर्भर करेगा। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस योजना का भारत सहित कई अरब और मुस्लिम देशों ने समर्थन किया है।

इन देशों में जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किए, सऊदी अरब और मिस्त्र शामिल है। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने इस योजना की पुष्टि की है। बहुत संभव है कि अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर भी लग जाए। लेकिन जिस तरह से गाजा के राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे के निर्माण और विकास से हमास को अलग रखा गया है उसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक शांति के प्रयास सफल होंगे। यही नहीं, अब भारत इजरायल-हमास जंग को लेकर एक संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का सम्मेलन बुला रहा है। इसमें दुनिया के दर्जनों देश हिस्सा लेंगे, हालांकि पाकिस्तान और चीन को न्यौता नहीं भेजा गया।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**नवाचार**

सुनील कुमार महला




# इंसान बनाम आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस होगा अब रोजगार

आज विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान और तकनीक के इस युग ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है और एआई भी निश्चित रूप से इनमें से एक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हम सभी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जमाने में सांस ले रहे हैं और वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तेजी से हमारे जीवन का हिस्सा बनती जा रही है। एआई से काम करना आज बहुत आसान या यूं कहें कि सरल हो गया है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, कृषि, उधोग व व्यापार, परिवहन, सुरक्षा, बैंकिंग व वित्त, मनोरंजन, घर और दैनिक जीवन, अंतरिक्ष तक आज कौनसा क्षेत्र है, जहां एआई से काम नहीं हो रहा है? यानी कि सब जगह आज एआई का धड़ल्ले से इस्तेमाल या प्रयोग किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, संचार, बैंकिंग, कृषि, उद्योग और सुरक्षा जैसे लगभग सभी क्षेत्रों में एआई का प्रयोग बढ़ने से जहां अनेक नए अवसर पैदा हो रहे हैं, वहीं रोजगार के परिदृश्य में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कई विशेषज्ञों का यह मानना है कि आने वाले वर्षों में एआई पारंपरिक नौकरियों को प्रभावित करेगी और काम करने के तरीकों में मूलभूत परिवर्तन लाएगी। मानव की तुलना में एआई विभिन्न कार्यों को तेजी और सटीकता से करने में सक्षम है। परिणामस्वरूप, कई जगह मानव श्रमिकों (मैनपावर) की आवश्यकता घटने लगी है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि एआई का प्रभाव मुख्यतः उन क्षेत्रों पर अधिक होगा, जहां कार्य दोहराए जाते हैं और निर्णय सीमित जानकारी के आधार पर लिए जाते हैं। उदाहरण के तौर पर कस्टमर सपोर्ट के लिए पहले जहां कॉल सेंटर में हजारों कर्मचारी कार्य करते थे, आज वहां चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट यह काम कर रहे हैं। इसी प्रकार निर्माण उद्योग में उत्पादन, पैकेजिंग और क्वालिटी चेक जैसे कार्य रोबोट द्वारा किए जा रहे हैं। आज सेल्फ ड्राइविंग गाड़ियां आ चुकीं हैं, ये सब एआई के कारण संभव हुआ है, यह ठीक है लेकिन भविष्य में ये सब परिवहन के क्षेत्र में ड्राइवरों और डिलीवरी कर्मचारियों की मांग कम कर सकते हैं। आज एआई के कारण लेखा-जोखा और बैंकिंग का काम आसान हो गया है। एआई आधारित सॉफ्टवेयर तुरंत गणना, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं, पहले इसके लिए मैनपावर की जरूरत होती थी। आज एआई का उपयोग मीडिया के क्षेत्र में और कंटेंट तैयार करने में किया जा रहा है। समाचार लेखन, अनुवाद और वीडियो संपादन जैसे काम भी अब आंशिक रूप से एआई कर रहा है, ऐसे में मैनपावर की जरूरत पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। यह भी एक तथ्य है कि हालांकि, एआई से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन साथ ही नए रोजगार भी बनेंगे।

उदाहरण के लिए, एआई सिस्टम को डिजाइन करने, उसका रखरखाव करने और उसे सुरक्षित बनाने के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। आज के युग में निरंतर डाटा वैज्ञानिक, मशीन लर्निंग इंजीनियर, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ और एआई नैतिकता से जुड़े पदों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त, यह भी एक तथ्य है कि एआई के कारण हेल्थकेयर, शिक्षा और कृषि क्षेत्र समेत अनेक क्षेत्रों में नए नवाचार होंगे, जिससे नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी। संक्षेप में कहें तो एआई के दोनों पहलू हैं। इसमें अवसर (अपार्चुनिटीज) भी हैं और चुनौतियां (चैलेंजेज) भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि पारंपरिक नौकरियों पर निर्भर लोगों को नए कौशल सिखाना और तकनीक के अनुकूल बनाना आज के समय की बड़ी मांग है। इसके लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, एआई का नैतिक और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना भी जरूरी है ताकि यह केवल मुनाफे का साधन न रहकर मानव कल्याण का साधन बने। एआई मशीन आधारित तकनीक है, इसमें मानव जैसी भावनाएं, संवेदनाएं या नैतिक मूल्य स्वयं से मौजूद नहीं होते। यह केवल डेटा, एल्गोरिद्म और प्रोग्रामिंग पर आधारित होकर कार्य करता है। यदि हम रचनात्मक सोच, तकनीकी शिक्षा और कौशल-विकास पर ध्यान दें तो एआई नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। सच तो यह है कि एआइ के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलू हैं। एआई के सकारात्मक पहलू की बात करें तो यह नई नौकरियों के सृजन,काम की गुणवत्ता में सुधार, उत्पादकता में वृद्धि, सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन की दृष्टि से एक वरदान है। वहीं दूसरी ओर एआई से नौकरियों के खत्म होने के साथ ही साथ कौशल असमानता का खतरा पैदा हो सकता है। एआई में मानव भावनाओं का अभाव होता है। एआई से इंसान के अपने सोचने और समस्या हल करने की क्षमता कमजोर हो सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति




संकलित

**दर्शन**

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## सिंदूर खेला



प्रयागराज में गुरुवार को 'सिंदूर खेला' के दौरान महिलाएं एक-दूसरे को सिन्दूर लगाती हैं। विजयादशमी पर 'दुर्गा पूजा' का अंतिम दिन माना जाता है?

## आज की पाती

### कब खत्म होगी बुराई

दशहरा, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है, हमारे समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण का दहन करके यह संदेश दिया जाता है कि बुराइयां समाप्त हो जाएं और धर्म और नैतिकता की स्थापना हो। परंतु आज के दौर में यह पर्व केवल उत्सव और मनोरंजन का साधन बनता जा रहा है। रावण दहन के पुतले जलते हैं, मगर समाज में व्याप्त रावण– यानी अपराध, दुराचार और नैतिक पतन– लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल दशहरे पर लोग बड़े उत्साह के साथ रावण के पुतले फोड़ते और जला देते हैं। इसका उद्देश्य हमेशा यह रहा कि बुराइयों का नाश हो और अच्छाई की विजय हो। लेकिन वर्तमान समाज में यह प्रतीकात्मक क्रिया केवल दृश्य मनोरंजन बनकर रह गई है। इस अवसर पर समाज को यह चिंतन करना है कि क्या सचमुच बुराई खत्म हो गई या नहीं?

*– प्रवीण भाटिया, भाटापारा*

## X ट्रेंड

### भारतीय संगीत को क्षति


बनारस घराने के एक प्रकाशमान व्यक्तित्व पंडित छन्नूलाल मिश्र के निधन से भारतीय संगीत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने शास्त्रीय गायन को नए आयाम दिए। कई अन्य सम्मानों के साथ उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था।"



**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### खादी हमारी संस्कृति

खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमारी संस्कृति, हमारे कारीगरों की मेहनत और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न का प्रतीक बनकर खड़ी है। खादी की यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि स्वावलंबन ही राष्ट्रीय गौरव का पथ है।



**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### लालफीताशाही समाप्त

पिछले कुछ वर्षों में, हमने जन कल्याणकारी कार्यों से लालफीताशाही को समाप्त कर दिया है। मेरे या मेरे सहयोगियों के ध्यान में लाया गया कोई भी मुद्दा तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार किया जाता है।



**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गांधी का संदेश


महान नेता महात्मा गांधी का नाम इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। संघर्ष और मतभेदों से त्रस्त दुनिया में आज भी उनका संदेश भविष्य के लिए दिशा दिखाने वाले प्रकाश का काम करता है। खासकर बढ़ते विभाजन के दौर में।



**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

## करंट अफेयर


# अफगान में इंटरनेट सेवा बंद होने पर भ्रम फैला



अफगानिस्तान में इंटरनेट कनेक्टिविटी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि कुछ नेटवर्क बुधवार को फिर से चालू हो गए, जो सोमवार से बंद थे। असोसिएटेड प्रेस (एपी) ने पहले एक बयान की खबर दी थी, जिसमें कहा गया था कि तालिबान ने इंटरनेट बंद होने की घटना को जानबूझकर नहीं बताया और कहा कि पुरानी फाइबर ऑप्टिक केबलें खराब हो गई थीं, जिनकी अब मरम्मत की जा रही है। हालांकि बाद में यह पता चला कि यह बयान झूठा था। तालिबान कभी-कभी पाकिस्तानी पत्रकारों से संवाद करने के लिए एक व्हाट्सएप समूह का इस्तेमाल करते हैं। यह झूठा बयान उस समूह के कुछ सदस्यों को व्यक्तिगत रूप में भेजा गया था लेकिन इसे समूह में नहीं डाला गया था। यह संदेश एक अफगान उपयोगकर्ता ने भेजा था, जिसका नाम तालिबान के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह के नाम से मिलताजुलता था। संदेश भेजने वाला यह व्यक्ति गायब हो गया है और उसकी पहचान का पता नहीं चल सका। वही बयान सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी पोस्ट किया गया था लेकिन वह तालिबान के बजाय तालिबान समर्थक द्वारा चलाए गए एक अकाउंट से था। इंटरनेट की बंदी के कारण एपी के लिए फाइबर ऑप्टिक केबल की मरम्मत पर और जानकारी हासिल करने के वास्ते तालिबान के प्रवक्ता से संपर्क करना मुश्किल था।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


# बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बनेगा 20 हजार करोड़ का 'जोखिम गारंटी कोष'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का 'जोखिम गारंटी कोष' बनाने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना है। इस जोखिम गारंटी कोष के बनने से निजी क्षेत्र परियोजना के जोखिमों को साझा करेगा, जिससे प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा। इस कोष का प्रारंभिक आकार 20 हजार करोड़ रुपए होगा और इसका प्रबंधन राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) कर सकती है।

**प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा**

## निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा


फाइल फोटो

## बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए बुनियादी ढांचे की मजबूती जरूरी

बताया जा रहा है कि इस कोष की गारंटी बैंक के लिए वैध होनी चाहिए और समय पर भुगतान की गारंटी भी होनी चाहिए, तभी यह सफल होगा। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को 2030 तक लगभग 390 लाख करोड़ रुपए बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत होगी, ताकि 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पूरा हो सके और इसके बाद यह विकास जारी रहे। भारत की उच्च विकास दर बनाए रखने की क्षमता बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि, देश का कमजोर बुनियादी ढांचा बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा है।

### जोखिम के अनुसार शुल्क भी लगेगा

कोष नई परियोजनाओं के विकास जोखिम को कवर करेगा। साथ ही, डेवलपर्स को भी कम से कम कुछ हिस्सा रखना होगा और जोखिम के अनुसार शुल्क भी देना पड़ सकता है। यह कोष अनिश्चितता और अन्य गैर-व्यावसायिक जोखिमों से होने वाले नुकसान को कवर करेगा, जिससे कर्जदाताओं को बड़ी परियोजनाओं के लिए अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### खराब बुनियादी ढांचा सबसे बड़ी समस्या

*आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि 'मेक इन इंडिया' जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक खराब बुनियादी ढांचा है, जो देश की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए समर्थन देता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सरकार बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा नहीं कर पाती है तो कॉरपोरेट विकास और निवेश प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कमी भारत की जीडीपी का 4-5 फीसदी नुकसान कराती है। बुनियादी ढांचा विकास न केवल आर्थिक विस्तार में योगदान देगा, बल्कि दीर्घकालिक विकास को भी मजबूत करेगा।*

### एनआईपी की रिपोर्ट में इस संबंध में किया गया आगाह

*नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के अनुसार भारत की अपेक्षाकृत उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा बुनियादी ढांचे के क्षेत्र पर निर्भर करती है। हालांकि देश कमजोर बुनियादी ढांचे से ग्रस्त है जो बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है।*

### मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि को इससे मिलेगा बढ़ावा

*वर्ष 2020 में जारी इस रिपोर्ट में कहा गया कि यदि सरकार बुनियादी ढांचे के घाटे को रोकने में विफल रहती है, तो कॉर्पोरेट विकास और निवेश भी बाधित हो सकते हैं जिसके बारे में कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि अक्षमताओं के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का चार से पांच प्रतिशत खर्च होता है। इसमें कहा गया कि बुनियादी ढांचे का विकास न केवल आर्थिक विस्तार में तत्काल योगदान देने वाली कुछ अक्षमताओं को दूर करने में मदद कर सकता है, मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि को भी समर्थन दे सकता है।*

## खबर संक्षेप

### शिवकुमार की चेतावनी निरर्थक बयानबाजी न करें



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राज्य में सत्ता परिवर्तन के बारे में बयान देने वाले कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी है। डीके ने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस नेता किसी भी तरह की बयानबाजी से बचें। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एक विधायक की टिप्पणी के बाद यह कहा है।

### मानेसर में 'नमो वन' का शुभारंभ, पौधरोपण किया



**मानेसर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज गुरुवार को हरियाणा के मानेसर में 'नमो वन' का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के साथ ही वन्यजीव सप्ताह 2025 के समारोहों की शुरुआत हुई। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पैधरोपण भी किया।

### राजा भैया के शस्त्रपूजन में हथियारों का जखीरा



**आगरा।** भारत के विभिन्न राज्यों में गुरुवार को दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में दशहरा पर हथियारों की पूजा यानी शस्त्र पूजा का भी काफी चलन है। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया और विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी दशहरा के दिन शस्त्र पूजा की है। इसमें वीडियो हथियारों का बड़ा जखीरा दिखा।

### फरीदाबाद में दोषी को दी 20 साल की कैद



**फरीदाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की फास्ट ट्रैक कोर्ट में बच्ची से गलत काम करने वाले दोषी को 20 साल का कठोर कारावास और 60 हजार रुपए के दंड का फैसला सुनाया। पीड़ित बच्ची को एक लाख रुपयए प्रतिकर राशि दी गई। आर्थिक मदद की राशि बच्ची के खाते में ही डाली जाए। इसे माता-पिता के खाते में ट्रांसफर नहीं किया जाए।

### प्रमुख पार्टियों संग चुनाव आयोग की बैठ कल



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग भाजपा, जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगा। 4 अक्टूबर को यह बैठक होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त खुद सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। पटना के होटल ताज में यह बैठक होगी। जल्द चुनाव के तारीखों का ऐलान भी हो जाएगा।

## भाजपा ने विदेशी धरती पर राहुल गांधी के बयान को बताया देश का अपमान

# अच्छा होता राहुल भारत की भलाई की कामना करते लेकिन वे तो भारत पर हमला कर रहे हैं: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक बयान की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने विदेशी धरती पर भारत का अपमान किया है। प्रसाद ने इसे भारत का अपमान बताते हुए कहा कि देश में पूर्ण लोकतंत्र है, जबकि राहुल सत्ता के लिए ऐसी निराधार बातें कर रहे हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी सत्ता के लिए ऐसी टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के विकास को गाली देने का भी आरोप लगाया। रविशंकर की यह टिप्पणी गुरुवार को गांधी द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधने के बाद आई है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोकतंत्र पर हमला है। कोलंबिया के ईआईए विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, गांधी ने संरचनात्मक खामियों के मुद्दे पर प्रकाश डाला और सुझाव दिया कि देश की विविध परंपराओं को फलने-फूलने दिया जाना चाहिए। गांधी ने कहा कि भारत में इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में मजबूत क्षमताएँ हैं, इसलिए, मैं देश को लेकर बहुत आशावादी हूँ। लेकिन साथ ही, इस ढाँचे में कुछ खामियाँ भी हैं जिन्हें भारत को ठीक करना होगा। सबसे बड़ी चुनौती भारत में लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में हैं। अच्छा होता अगर वह भारत की भलाई की कामना करते, लेकिन वह भारत पर हमला कर रहे हैं। वह हर बात निराधार कहते हैं। वह कहते हैं कि भारत में लोकतंत्र नहीं है। यहाँ पूर्ण लोकतंत्र है, लेकिन राहुल गांधी के साथ समस्या यह है कि वह सत्ता चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, कोलंबिया के बोगोटा में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र नहीं है और लोगों को बोलने की आजादी नहीं है। राहुल गांधी सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी और देश के विकास को गाली देते हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि अगर राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत का अपमान करते रहेंगे, तो जनता उन्हें वोट नहीं देगी। प्रसाद ने आगे कहा कि चीन के प्रति उनका प्रेम तब स्पष्ट हो गया था जब उन्होंने कहा था कि भारत एक वैश्विक शक्ति नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप विदेश जाकर भारत का अपमान करेंगे, तो जनता आपको वोट नहीं देगी और आप इस बार जीती हुई सीटें नहीं जीत पाएँगे। अब आप चीन की तारीफ़ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि भारत एक बड़ी वैश्विक शक्ति नहीं बन सकता, लेकिन चीन दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी बनने की राह पर है। चीन के प्रति आपका प्रेम साफ़ दिखाई देता है और आप भारत का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।



### गिरिराज बोले- पाकिस्तान को वोट बैंक के तौर पर देख रही कांग्रेस




*केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और राहुल पर तीखा हमला बोला है। कहा कि जब किसी पार्टी का नेता, जैसे राहुल, शहरी नक्सली जैसी भाषा और व्यवहार अपनाता है, तो यह स्वाभाविक है कि उस पार्टी के अन्य नेता भी वैसी ही बातें करेंगे। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चिदंबरमने जो कहा, वो बहुत देर से कहा। उन्होंने माना कि मनमोहनसरकार एक कमजोर सरकार थी, उसमें इच्छाशक्ति की कमी थी।और यह इच्छाशक्ति की कमी इसलिए थी क्योंकि कांग्रेस पाकिस्तान को एक वोट बैंक के तौर पर देखती है।*

### 'शाहबानो केस में कांग्रेस ने घुटना टेक दिया'

गिरिराज ने सवाल उठाया कि मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि देश बड़ा है, पार्टी बड़ी है या वोट बड़ा है? यूपीए सरकार अल्पमत में नहीं थी, फिर भी उसमें इच्छाशक्ति की कमी थी। इसलिए शाहबानो केस में कांग्रेस ने घुटना टेक दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना करते हुए कहा कि अगर उस समय मोदी प्रधानमंत्री होते, तो पाकिस्तान पर जो कार्रवाई आज 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए की गई है, उस समय ही कर दी जाती।

### इन्होंने भी किया पलटवार

#### कंगना ने राहुल को 'कलंक'कहा



राहुल के बयान पर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वह एक कलंक हैं, सब जानते हैं कि वह हर जगह देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, देश की आलोचना कर रहे हैं। यहां के लोग झगड़ालू हैं, यहां के लोग ईमानदार नहीं हैं, तो इन सब बातों से वो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत के लोग नासमझ हैं। देश भी उनसे शर्मिंदा है।

#### देश को बदनाम करना उनकी आदत



संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर राहुल की आदत बनी राहुल के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को विदेशों में बदनाम करना राहुल की आदत बन गई है। देश की जनता इस व्यवहार को स्वीकार नहीं करती।

## पी20 शिखर सम्मेलन- केपटाउनः राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के नेतृत्व में भारत ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के क्लेनमंड में आयोजित 11वें जी20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट (पी20) में विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। उन्होंने 'न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के लिए धन संग्रह' विषय पर सत्र को संबोधित किया और बाद में 'समावेशी विकास और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का उपयोग' विषय पर सत्र की अध्यक्षता की।



महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर अपने संबोधन में हरिवंश ने भारत के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) - जो कि एक बहु-वर्षीय कार्यनीति है और आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक सतत धारणीयता को बढ़ावा देने घरेलू अन्वेषण, तकनीकी प्रगति और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को संयोजित करती है- के आधारभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमें न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, बल्कि वैश्विक स्थिरता और साझा जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देने के लिए भी सक्षम मूल्य श्रृंखलाओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इन प्रयासों के तहत, भारत ने आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए रणनीतिक भंडार एवं ज्ञान नेटवर्क बनाने का भी लक्ष्य रखा है। इसके लिए, भारत अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि जैसे देशों में सहयोग के रूप में प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी का उपयोग करके संबंधों को प्रगाढ़ करने में लगा है। एनसीएमएम को वित्त वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक की अवधि के लिए कार्यान्वित किया जाएगा। इस मिशन पर लगभग 16,300 करोड़ खर्च होंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य से लगभग 18,000 करोड़ का निवेश अपेक्षित है। अब तक, सरकार द्वारा 59 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच पिछली जी20 बैठकों का भी एक प्रमुख एजेंडा रहा है। भारत और ब्राजील, जिन्होंने क्रमशः 2023 और 2024 में शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी, ने अपने-अपने घोषणापत्रों में इस विषय पर अनुच्छेद शामिल किए थे। इससे पहले, उपसभापति ने वित्त और ऊर्जा परिवर्तन पर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने और 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने भारत द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों पर बल दिया। उन्होंने बताया भारत नवीकरणीय ऊर्जा संस्थापित क्षमता में चौथे, पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे और सौर ऊर्जा क्षमता में तीसरे स्थान पर है। हमारी सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। इस परिवर्तन को प्रमुख लक्षित पहलों ,जिनमें 'पीएम सूर्य घर', जिसका उद्देश्य दस मिलियन घरों में रूफटॉप सोलर स्थापित करना है; 'पीएम-कुसुम', जो किसानों को सौर पंप और बिजली संयंत्रों से सशक्त बनाता है; और 'पीएम जनमन', जो समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए दूरदराज के आदिवासी घरों को सौर ऊर्जा से बिजली प्रदान कर रहा है शामिल हैं।

## संसदीय समितियों का पुनर्गठन

# थरूर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा ने कई संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन किया और दो प्रवर समितियों, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, का गठन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रक्षा संबंधी समिति के सदस्य हैं। उन्होंने प्रियंका गांधी वाड्रा गृह मामलों की समिति की सदस्य हैं, पी. चिदंबरम वित्त संबंधी समिति के सदस्य हैं। जयराम रमेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी समिति के सदस्य हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर को फिर से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। थरूर विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे। द्रमुक की कनिमोझी करुणानिधि को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति का भी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विभिन्न समितियों के अन्य अध्यक्षों में भी कई बदलाव किए गए हैं।

## देश के पूर्वी राज्य में भारी बारिश

# ओडिशा की ओर बढ़ा गहरा दबाव मछुआरों को न जाने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



बंगाल की खाड़ी के ऊपरी बना कम दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। यह ओडिश के तट की ओर बढ़ रहा है जिसके कारण गुरुवार को भारी बारिश हुई। राज्य सरकार ने कर्मियों और मशीनरी को तैनात किया है।सभी हिस्सों में मुख्य रूप से तटीय और दक्षिणी क्षेत्रों में बुधवार से ही भारी बारिश हो रही है। यहां के सभी 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### 17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा गहरे दबाव का क्षेत्र

*बुधवार को रात में बंगाल की खाड़ी में गहरे दबाव का क्षेत्र बना जो 17 किलोमीटर प्रति घंटा से तट की ओर बढ़ रहा है। यह गोपालपुर से 190 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व, कलिंगपट्टनम से 190 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, ओडिशा)से 230 किमी दक्षिण, विशाखापट्टनम से 250 पूर्व और ओडिशा से 310 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में केंद्रित थी।*

## रावण का पुतला दहन



अमृतसर। देशभर में गुरुवार को दशहरा का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरे देश में राक्षसराज रावण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी गई। कई जगह तो रिमोट के माध्यम से पुतले में आग लगाई गई। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी कार्यक्रम में शामिल हुए और कलाकारों की पूजा की। इसी तरह कई राज्यों में रावण के साथ ही मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले आग के हवाले किए गए। अमृतसर में गुरुवार को दशहरा उत्सव के समापन के अवसर पर राक्षसराज रावण का पुतला जलाया गया। इस दौरान यहां पर लोगों की बड़ी भीड़ मौजूद रही।

## किसानों को भुगतान समय पर दिया जाए और प्रक्रिया को पारदर्शी भी बनाया जाए

# किसानों के धान की समय पर खरीद और उठान सुनिश्चित करे सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की मंडियों में पड़े लाखों टन धान के उठान में देरी और मौसम विभाग की ओर से आगामी दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर बारिश का सीधा असर पड़ सकता है। किसानों की मेहनत और लागत तो छोड़िए जमीन का खर्चा भी कर्जा बनकर किसानों को सता रहा है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की मंडियों में अब तक लगभग 5.30 लाख मीट्रिक टन धान पहुँचा है, जिसमें से केवल 3.77 लाख मीट्रिक टन की ही खरीद हुई है। चिंताजनक बात यह है कि खरीदे गए धान का भी केवल 89 हजार मीट्रिक टन ही मंडियों से उठान हो पाया है। इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर बारिश का सीधा असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं धान में अधिक नमी बताकर किसानों को परेशान किया जा रहा है मजबूरी में किसान ओने पौने दाम में प्राइवेट एजेंसियों को धान बेचकर जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि किसानों की मेहनत से उपजा हुआ धान मंडियों में खुले में खराब होने का खतरा झेल रहा है। अगर समय पर उठान व भंडारण की व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रदेश सरकार की लापरवाही और अव्यवस्था को उजागर करती है।उन्होंने कि सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा पर यह दावा भी हवा हवाई हो गया। आज भाजपा भाजपा सरकार के धोखे में किसानों में मायूसी देखी जा रही है।

धोखेबाज सरकार के कार्यकाल में किसानों का पीला सोना मंडियों में जहां-तहां सड़कों पर पड़ा है। सरकारी खरीदी के इंतजार में किसान पूरी नवरात्रि खेत-खलिहान और घर-परिवार छोड़कर दिन भर कड़ी धूप में अंधेरी रात में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। किसानों की उम्मीद तो सरकारी खरीदी के धोखे में हर रोज टूट ही रही है। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने किसानों को लुटने के लिए प्राइवेट एजेंसियों के सहारे छोड़ दिया है। एमएसपी पर सरकारी खरीदी की जगह किसानों को भाजपा सरकार से धोखे ही मिल रहे हैं। आखिर कब तक सरकारी खरीदी से लेकर और खाद की आपूर्ति तक भाजपा के डबल ईंजन का हरियाणा के किसानों से ये दुश्मनों सा सलूक चलता रहेगा?

# छत्तीसगढ़ पहली बार करेगा डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन की मेज़बानी, पीएम मोदी होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ पहली बार अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। यह सम्मेलन 28 से 30 नवंबर तक नया रायपुर स्थित नए मरीन ड्राइव परिसर में होगा, जिसमें देशभर के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक हिस्सा लेंगे। इस 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे और समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अहम विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें नक्सलवाद से निपटने की रणनीति, आतंकवाद विरोधी प्रयास, ड्रग्स नियंत्रण, साइबर सुरक्षा और सीमा प्रबंधन शामिल हैं। इस बार नक्सल प्रभावित इलाकों पर खास फोकस रहेगा। सम्मेलन में इस दिशा में आगे की योजनाओं पर भी मंथन होगा। महत्वपूर्ण यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो महीने के भीतर दूसरी बार छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे 31 अक्टूबर की शाम रायपुर आएंगे, रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन यानी 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद नवंबर के अंतिम सप्ताह में वे पुनः रायपुर पहुंचेंगे और डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### अब भी 5,884 करोड़ के 2000 के नोट चलन में



**मुंबई।** चलन से हटाए जा चुके 2,000 रुपये के 5,884 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी प्रचलन में हैं। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि 2000 रुपये के बैंक नोट अब भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ सात को खुलेगा




**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के एलजी समूह की भारतीय इकाई, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का बहुप्रतीक्षित 11,607 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) सात अक्टूबर को बोली के लिए खुलेगा। इससे कंपनी मूल्यांकन लगभग 77,400 करोड़ रुपये (8.7 अरब अमेरिकी डॉलर) हो जाएगा।

### सरकार ने 25 विदेशी क्रिप्टो कंपनियों को नोटिस भेजा



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की वित्तीय आसूचना इकाई-भारत ने 25 विदेशी वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) प्रदाताओं को नियमों का अनुपालन न करने पर नोटिस जारी किया है। इनमें ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स स्थित क्रिप्टो एक्सचेंज एलबैंक और बिंगएक्स भी शामिल हैं। वेबसाइटसार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने से रोकने का आदेश भी दिया गया है।

### कोयले की मांग सुस्त रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** त्योहारों से पहले कोयले की मांग मानसून के लंबे समय तक रहने के कारण कम रही और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कुल मांग सुस्त रहने का अनुमान है। बी2बी (कंपनियों के बीच) ई-कॉमर्स समाधान प्रदाता एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार, मध्यम-से-दीर्घ अवधि के परिप्रेक्ष्य में कोयले की मांग में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। इसका कारण कई ताप विद्युत परियोजनाओं की घोषणाएं हैं।

# पाकिस्तान को बड़ा झटका, शेल और फाइजर के बाद पीएंडजी ने कहा 'टाटा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रॉक्टर एंड गैंबल ने पाकिस्तान में कारोबार बंद करने का ऐलान कर दिया है। कंपनी टाइड, पैम्पर्स जैसे ब्रांड्स बनाती है। अब कंपनी पीएंडजी थर्ड-पार्टी डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल अपनाएगी। कर्मचारियों को विदेशी नियुक्ति या सेपरेशन पैकेज मिलेगा। इससे पहले शेल और फाइजर ने अपना कारोबार पाकिस्तान में बंद कर दिया है।

■ कंपनी टाइड पैम्पर्स जैसे ब्रांडस बनाती है

पाकिस्तान को एक के बाद एक बड़ा झटका लग रहा है। ऐसे ही देश कर्ज पर चल रहा है। इसी बीच पहले तो शेल और फाइजर ने देश से अपना बिजनेस बंद कर दिया था। अब एक और दिग्गज कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल कंपनी ने वैश्विक पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा के कुछ महीनों बाद, पाकिस्तान में अपना कारोबार बंद करने की घोषणा की है।

## प्रॉक्टर एंड गैंबल अगले दो साल में 7000 जॉब कट्स करेगी

### कब से था कारोबार?

पीएंडजी ने 1991 में पाकिस्तान में बिजनेस शुरू किया था और पैम्पर्स, सेफगार्ड, एरियल, हेड एंड शोल्डर्स और पैंटीन जैसे ब्रांड्स के साथ देश की टॉप कंज्यूमर गुड्स कंपनी बन गई। इसने 1994 में एक साबुन प्लांट और 2010 में एक डिटर्जेंट प्लांट खरीदकर अपने बिजनेस को बढ़ाया। कंपनी ने कहा कि पाकिस्तान में कंज्यूमर्स को सर्विस देने के लिए थर्ड-पार्टी डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल सबसे सही रास्ता है। कर्मचारियों को विदेश में जॉब्स या सेपरेशन पैकेज ऑफर किए जाएंगे।




### बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बाहर जाना जारी

जिलेट पाकिस्तान का बोर्ड डीलिस्टिंग जैसे कदमों पर विचार करने के लिए मीटिंग करेगा। कंपनी के शेयर्स 10 प्रतिशत की डेली लिमिट तक बढ़कर तीन हफ्तों के हाईएस्ट लेवल पर पहुंच गए। जिलेट पाकिस्तान के पूर्व सीईओ साद अमानुल्लाह खान ने हाई बिजली कॉस्ट, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेगुलेटरी प्रेशर का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस तरह की एग्जिट्स से सरकार को समझ आएगा कि सब कुछ ठीक नहीं है। वो चाहते हैं कि हालात सुधरें ताकि मल्टीनेशनल कंपनियों का एग्जिट रुक जाए।

### कमजोर डिमांड कारोबार बंद करने का प्रमुख कारण

पीएंडजी ने जून में बताया था कि वो अपने ब्रांड्स की संख्या कम करेगी और अगले दो साल में 7,000 जॉब्स कट करेगी। कंपनी ने ट्रेड टैरिफ्स और कमजोर डिमांड की वजह से अपने गाइडेंस को भी कम किया था। इस फैसले के साथ, पीएंडजी उन मल्टीनेशनल कंपनियों में शामिल हो गई है, जो पाकिस्तान में बिजनेस कम कर रही हैं।

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, निर्धारित लक्ष्य से अधिक मिले प्रस्ताव

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मिला शानदार रिस्पॉन्स, 1.15 लाख करोड़ के ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना को 1.15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि योजना को बनाते समय निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में ये प्रस्ताव निवेश, रोजगार और उत्पादन के लक्ष्यों से कई गुना अधिक हैं।

वैष्णव ने कहा, '' इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के लिए आवेदन की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई। हमें 1,15,351 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।'' मंत्री ने कहा कि कुल आवेदनों में से करीब 60 प्रतिशत छोटे एवं मझोले उद्यमों से आए हैं।

### 60 फीसदी आवेदन एमएसएमई के लिए आए

वैष्णव ने कहा, '' करीब 60 प्रतिशत आवेदन एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) से आए हैं। यह बहुत उत्साहजनक है क्योंकि जब छोटी कंपनियां कार्यक्रम और नीति पर विश्वास दिखाती हैं तो यह एक बड़ा बदलाव आता है।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत करीब 59,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त करने की परिकल्पना की है और पूंजीगत उपकरण खंडों के लिए आवेदन अब भी दिये जा सकते हैं।

### निवेश प्रस्ताव से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

#### कुल 249 कंपनियों ने किया आवेदन जमा

चीन वर्तमान में पूंजीगत उपकरण क्षेत्र में हावी है और हाल ही में उसने देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन के लिए वस्तुओं, विशेष रूप से आईफोन की आपूर्ति अनौपचारिक रूप से रोक दी थी। वैष्णव ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।कुल 249 कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं जिनकी मंजूरी से पहले एक समिति द्वारा जांच की जाएगी।



■ योजना के लिए आवेदन की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई

■ योजना के तहत 1,15,351 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं

#### प्रस्तावों से 1.41 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

*वैष्णव ने कहा, '' 4,56,500 करोड़ रुपये के उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले हमें 10,34,000 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादन अनुमान प्राप्त हुए हैं।'' इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि प्रस्तावों से 1.41 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन का वादा किया गया है जबकि योजना के तहत 91,600 लोगों के लिए रोजगार का लक्ष्य रखा गया है।*

#### मोबाइल व आईटी हार्डवेयर के लिए 35,813 करोड़ के प्रस्ताव

योजना के तहत मोबाइल फोन, आईटी हार्डवेयर उत्पादों और अन्य संबंधित उपकरणों के लिए 35,813 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स वर्तमान में 'एनक्लोजर' खंड में अग्रणी कंपनियों में से एक है जो आईफोन के लिए उत्पाद बनाती है।

#### इन क्षेत्रों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले

कंपनियों ने जिन प्रमुख क्षेत्रों में बड़े निवेश के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं उनमें लचीले मुद्रित सर्किट बोर्ड (16,542 करोड़ रुपये), इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरण (14,362 करोड़ रुपये), मल्टी-लेयर पीसीबी (14,150 करोड़ रुपये), सब-असेंबली और बेयर घटकों की आपूर्ति श्रृंखला (9,226 करोड़ रुपये), डिस्प्ले मॉड्यूल सब-असेंबली (8,642 करोड़ रुपये), कैमरा मॉड्यूल सब-असेंबली (6,205 करोड़ रुपये) और लिथियम आयन सेल (4,516 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

#### पूंजीगत वस्तुओं के लिए 2103 करोड़ के प्रस्ताव मिले

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत वस्तुओं के लिए 2,103 करोड़ रुपये, ऑप्टिकल ट्रांसीवर के लिए 1,645 करोड़ रुपये, गैर-एसएमडी निष्क्रिय उपकरणों में 1,608 करोड़ रुपये और एसएमडी निष्क्रिय उपकरणों के लिए 535 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

# घरों की बिक्री में बड़ी गिरावट मुंबई और पुणे का बुरा हाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ जुलाई-सितंबर की अवधि में बिक्री 17 फीसदी घटी

■ मकानों की कीमतों में तेज उछाल और मांग में कमी है वजह

मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में जुलाई-सितंबर की अवधि में घरों की बिक्री 17 प्रतिशत घटकर 49,542 इकाई रह गई। प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रियल एस्टेट डाटा एनालिटिक्स कंपनी के मुताबिक, घरों की बिक्री में गिरावट मकानों की कीमतों में तेज उछाल और मांग में कमी की वजह से आई है। पिछले साल की समान अवधि में एमएमआर और पुणे में कुल 59,816 घरों की बिक्री हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, एमएमआर के ठाणे में घरों की बिक्री में सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत की गिरावट आई और बिक्री घटकर 14,877 इकाई रह गई। एक साल पहले यहां 20,620 इकाइयों की बिक्री हुई थी। मुंबई शहर में बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 9,691 इकाई रह गई जबकि नवी मुंबई में बिक्री छह प्रतिशत घटकर 7,212 इकाई पर आ गई। पुणे में भी आवास बिक्री 16 प्रतिशत घटकर 17,762 इकाई रह गई जो पिछले साल की समान तिमाही में 21,066 इकाई थी। रियल एस्टेट संगठन क्रेडाई-एमसीएचआई ने घरों की बिक्री कम होने पर कहा कि सितंबर तिमाही में आई यह गिरावट चिंता का विषय नहीं है और त्योहारों में मांग बढ़ने की संभावना है। क्रेडाई-एमसीएचआई के अध्यक्ष सुखराज नाहर ने कहा, ''सितंबर तिमाही में बाजार के पुनर्संतुलन का दौर देखा गया। एमएमआर और पुणे में आवास की मांग बेहद मजबूत है। मेट्रो कॉरिडोर, कोस्टल रोड और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लंबे समय तक बाजार को सहारा देंगी।''

### बिक्री नई परियोजनाओं से ही अधिक

नाहर ने कहा कि कई उप-बाजारों में बिक्री अब भी नयी परियोजनाओं से अधिक है, जो स्वस्थ समायोजन को दर्शाती है। प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, देश के शीर्ष नौ शहरों में आवासीय बिक्री जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर चार प्रतिशत और तिमाही आधार पर एक प्रतिशत घटकर 1,00,370 इकाई रही।

## सेबी ने नुवामा के म्यूचुअल फंड में प्रवेश को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को अपने प्रस्तावित म्यूचुअल फंड व्यवसाय की स्थापना के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट ने बताया, '' सेबी ने एक अक्टूबर 2025 को पत्र के माध्यम से कंपनी को प्रायोजक के रूप में कार्य करने और प्रस्तावित नुवामा म्यूचुअल फंड की स्थापना करने की मंजूरी दे दी है।'' नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट को इससे विशेष निवेश फंड श्रेणी सहित म्यूचुअल फंड के अंतर्गत योजनाएं शुरू करने में मदद मिलेगी। म्यूचुअल फंड के पंजीकरण के लिए अंतिम मंजूरी सेबी द्वारा दी जाएगी, बशर्ते कंपनी कुछ आवश्यकताओं को पूरा करे।

## अदाणी ग्रीन एनर्जी की परिचालन क्षमता बढ़ी




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 112.5 मेगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है, जिससे उसकी कुल उत्पादन क्षमता 16,598.6 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने अपनी अनुषंगी कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी फिफ्टी सिक्स लि. के माध्यम से 87.5 मेगावाट की सौर परियोजना का संचालन शुरू किया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव बी लि. के माध्यम से उसी स्थान पर 25 मेगावाट की एक हाइब्रिड परियोजना चालू की गई है। प्रासंगिक मंजूरी के आधार पर इन संयंत्रों को चालू करने और 30 सितंबर, 2025 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## नेस्ले का खाद्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाने सरकार से समझौता

■ कंपनी मैगी, किटकैट एवं नेसकैफे जैसे उत्पाद बनाती है




**नई दिल्ली।** मैगी, किटकैट एवं नेसकैफे जैसे उत्पाद बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने खाद्य उद्योग में निवेश को तेज करने के लिए सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नेस्ले इंडिया ने वर्ल्ड फूड इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य 'अगले दो से तीन वर्षों में ओडिशा और उसके मौजूदा उत्पादन केंद्रों में नई और पुरानी परियोजनाओं में निवेश में तेजी लाना है।' नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा, ''खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ इस एमओयू पर हस्ताक्षर ओडिशा और मौजूदा विनिर्माण स्थानों में नई और पुरानी परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश करने की नेस्ले इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई

# भारत जल्द बनेगा पेट्रोकेमिकल का अहम केंद्र

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना के दम पर भारत जल्द ही वैश्विक पेट्रोकेमिकल उद्योग में एक प्रमुख स्थिति हासिल कर सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है। पेट्रोकेमिकल आपूर्ति के नए परिदृश्य पर केंद्रित इस रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की तरह भारत की भी पेट्रोकेमिकल क्षमता में आक्रामक विस्तार की नीति एशिया के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अधिक आपूर्ति से उपजे दबाव को बढ़ा सकती है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल उपभोक्ता देश भारत अब तक घरेलू मांग पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर रहा है, लेकिन अब आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

■ भारत 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय से जल्द बनेगा हब

### भारत 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा

एसएंडपी का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक नई पेट्रोकेमिकल क्षमता में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक तिहाई हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के जरिये भारत रिफाइनरी क्षमता के विस्तार पर लगभग 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा जबकि निजी क्षेत्र का 12 अरब डॉलर का निवेश अपेक्षाकृत अधिक लचीला रहेगा।



### घरेलू मांग बनाए रखने में मदद मिलेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग, खासकर पॉलीएथिलीन जैसे प्रमुख उत्पादों की, स्थानीय निर्माताओं की आय को बनाए रखने में मदद करेगी, भले ही वैश्विक कंपनियों को मूल्य दबाव और संभावित उद्योग एकीकरण का सामना करना पड़े।

# एसकेएफ समूह क्षमता विस्तार और नए संयंत्र पर करेगी निवेश


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कंपनी वाहन कलपुर्जो बनाने पर 2030 तक 1460 करोड़ करेगी निवेश

वाहन कलपुर्जा बनाने वाली प्रमुख कंपनी एसकेएफ इंडिया समूह क्षमत.ा विस्तार और एक नया कारखाना लगाने समेत मोटर वाहन और औद्योगिक क्षेत्रों में 2030 तक 1,460 करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना बनाई है। समूह ने अपने वाहन और औद्योगिक कारोबार को अलग कर लिया है।

कंपनी को उम्मीद है कि अलग हुई औद्योगिक इकाई एसकेएफ इंडिया लिमिटेड आवश्यक अनुमोदन के बाद इस वर्ष नवंबर तक सूचीबद्ध हो जाएगी। एसकेएफ इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि औद्योगिक कारोबार का विभाजन एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। ' 2030 तक प्रस्तावित 800-950 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कंपनी महत्वपूर्ण विस्तार करेगी और 2028 तक पुणे में एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करेगी।''

## शब्द पहेली - 6007



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली- 6006 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |



## खबर संक्षेप



### दीप्ति बनीं सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय स्पिनर

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप 2025 के अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को डक वर्थ लुईस की बदौलत 59 रन से शिकस्त दी। भारत की इस जीत में दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले बल्लेबाजी में अर्धशतक लगाया और फिर गेंदबाजी में 3 विकेट लिए। इस बीच वह वनडे में सर्वाधिक विकेट वाली भारतीय महिला स्पिनर बनी। नीतू डेविड से आगे निकली दीप्ति बल्लेबाजी में छाप छोड़ने वाली दीप्ति ने गेंदबाजी में भी कमाल किया। इस ऑफ स्पिनर ने अपने 10 ओवर में 54 रन देते हुए 3 विकेट लिए। उनके नाम अब 28.19 की औसत के साथ 143 विकेट हो गए हैं। वह वनडे प्रारूप में दूसरी सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बनीं। उन्होंने नीतू डेविड (141) को पीछे छोड़ा। उनसे आगे इस सूची में फिलहाल सिर्फ झूलन गोस्वामी (255) हैं।

### चहल अगले काउंटी में भी नॉर्थम्पटनशायर से खेलेंगे



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल 2026 सीजन में नॉर्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब में वापसी करेंगे। वह इससे पहले 2024 और 2025 सीजन में भी इसी टीम के लिए खेल चुके हैं। क्लब ने हाल ही में बताया कि चहल टीम के साथ अपने कार्यकाल के दौरान वनडे कप और काउंटी चैंपियनशिप के लिए उपलब्ध रहेंगे। बता दें कि चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में कुल 31 विकेट लिए हैं। नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच डैरेन लेहमैन भी चहल की अपनी टीम में वापसी से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, युजी इस टीम के लिए एक शानदार खिलाड़ी हैं। उनके करियर का रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है और वह टीम में अनुभव लेकर आते हैं।

### पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे मसूद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 12 अक्टूबर से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 2 मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की वापसी हुई है, जो टी-20 एशिया कप में नहीं खेल पाए थे। शान मसूद टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे, जबकि रिजवान विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### बीएफआई कप: अमित पंघाल, मंजू अगले दौर में

चेन्नई। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता सेना के मुक्केबाज अमित पंघाल पंजाब के स्पर्श कुमार को 5.0 से हराकर बीएफआई कप एलीट पुरुष वर्ग के अगले दौर में पहुंच गए हैं।



एलीट महिला वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता रेलवे की मंजू रानी और युवा विश्व चैम्पियन असम की अंकुशिता बोरो और सेना की अरूंधति चौधरी ने भी जीत दर्ज की। सेना के एस विश्वनाथ (50 किलो) और प्रीत मलिक (65 किलो) भी 5.0 से जीत दर्ज करके अगले दौर में पहुंच गए। रेलवे के रवि कुमार (75 किलो) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किलो) ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मंजू रानी ने पंजाब की कशिश मेहता को 48 किलो वर्ग में 5.0 से हराया। वहीं अरूंधति ने 70 किलोवर्ग में हरियाणा की मनीषा को मात दी।

# जल्द ही औपचारिक रूप से भारत लाई जाएगी एशिया कप 2025 की ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशिया कप 2025 की ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद जारी है। इन सबके बीच ये खबर है कि फिलहाल एशिया कप की यह ट्रॉफी दुबई स्थित एसीसी के क्षेत्रीय कार्यालय में रखी हुई है और जल्द ही इसे भारत लाया जाएगा।

### भारत भेजी जाएगी ट्रॉफी

रिपोर्ट के मुताबिक, इस ट्रॉफी को या तो औपचारिक रूप से भारत भेज दिया जाएगा या दुबई में किसी भारतीय अधिकारी को सौंप दिया जाएगा, जो इसे वापस ले आएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, नकवी मंगलवार तक दुबई में ही मौजूद थे, जहां एसीसी का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। बता दें कि नकवी ने हाल ही में संपन्न हुई एसीसी की बैठक में ट्रॉफी को भारत में भेजने से इनकार कर दिया था।



### नकवी को एसीसी से चलता करेगा बीसीसीआई

इस ट्रॉफी के विवाद के बाद से बीसीसीआई नकवी को एसीसी के अध्यक्ष पद से हटाने की योजना बना रहा है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि वे रिपोर्ट दर्ज कराने और यूएई के अधिकारियों से आग्रह करने की योजना बना रहे हैं कि नकवी के आचरण की आधिकारिक जांच होनी चाहिए। उनका तर्क है कि उनके इस व्यवहार ने विजेता टीम के अपमान के साथ-साथ इस मामले में राजनीति भी शामिल की है।

### क्या है ट्रॉफी का पूरा विवाद?

फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। एसीसी अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर सुझाव दिया कि पुरस्कारों की प्रस्तुति एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से करा ली जाए, लेकिन नकवी ने ऐसा नहीं होने दिया। इसके बाद नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी को अपने साथ लेकर होटल रवाना हो गए। बीते मंगलवार को एसीसी की बैठक में वह ट्रॉफी देने से पीछे हट गए थे।

### माफी भी मांग चुका है नकवी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नकवी ने बैठक में बीसीसीआई से खेद व्यक्त किया और माना था कि फाइनल के बाद स्थिति इतनी बिगड़नी नहीं चाहिए थी। इस गलती को स्वीकारने के बावजूद उन्होंने बीसीसीआई को सीधे तौर पर ट्रॉफी देने से इनकार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नकवी ने सुझाव दिया कि भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव दुबई जाकर व्यक्तिगत रूप से उनसे ट्रॉफी लें। हालांकि, इस पर बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों ने आपत्ति व्यक्त की थी।

## टेस्ट सीरीज : राहुल ने ठोका पचासा, सिराज ने 4, बुमराह ने चटकाए 3 विकेट

# भारत के नाम रहा पहला दिन, विंडीज को 162 पर समेटा, 2 विकेट पर बनाए 121 रन


एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत-वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू हुआ। पहले दिन का खेल पूरी तरह से भारत के नाम रहा।

इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 के स्कोर पर सिमट गई। इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट खोकर 121 रन बना लिए। केएल राहुल फिफ्टी लगाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में सिराज को 4 तो बुमराह को 3 विकेट मिले. वहीं, कुलदीप यादव ने भी दो विकेट झटके. वॉशिंगटन सुंदर को 1 विकेट मिला है। यह मुकाबला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिहाज से बेहद अहम है।

### भारत ने शुरुआत से ही बनाया दबाव

भारत के सलामी बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की। दोनों के बीच 68 रनों की साझेदारी हुई। यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, साई सुदर्शन भी सस्ते में निपट गए। साई के बल्ले से केवल 7 रन ही आए। केएल राहुल अर्धशतक बनाकर क्रीज में डटे हुए हैं। कप्तान शुभमन गिल उनका साथ निभा रहे हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत 41 रन पीछे है।




### विंडीज टीम पर रहा गेंदबाजों का खौफ

पहली पारी में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 12 रनों के स्कोर पर ही वेस्टइंडीज को पहला झटका लग गया। तेजनारायण चंद्रपॉल (0 रन) तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों में लपके गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज जॉन कैम्पबेल (8 रन) को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। सिराज का कहर देखने को मिला और उन्होंने दो और विकेट झटके। लंच से पहले कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज को 5वां झटका दिया और शाई होप अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद विंडीज को 7वां झटका सुंदर ने दिया। इसके बाद बुमराह ने विंडीज को 8वां और 9वां झटका दिया। कुलदीप ने विंडीज की पारी का खात्मा किया।

### पतझड़ जैसे गिरे वेस्ट इंडीज के विकेट

वेस्ट इंडीज के विकेट पतन इस प्रकार हुए- 12-1 (तेजनारायण चंद्रपॉल, 3.5 ओवर), 20-2 (जॉन कैम्पबेल, 6.1 ओवर), 39-3 (ब्रैंडन किंग, 9.6), 42-4 (एलिक अथानाजे, 11.4), 90-5 (शाई होप, 23.2), 144-7 (खारी पियरे, 37.5), 150-8 (जस्टिन ग्रीव्स, 38.6), 153-9 (जोहान लेने, 40.1),162-10 (जोमेल वार्रिकन, 44.1)

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल का जुरेल बो बुमराह | 08 | 19 | 2 | 0 |
| चंद्रपॉल का जुरेल बो बुमराह | 00 | 11 | 0 | 0 |
| ऐलेक ऐथेनाज का राहुल बो सिराज | 12 | 24 | 2 | 0 |
| ब्रैंडन किंग बो सिराज | 13 | 15 | 3 | 0 |
| रॉस्टन चेज का जुरेल बो सिराज | 24 | 43 | 4 | 0 |
| शाई होप बो कुलदीप | 26 | 36 | 3 | 0 |
| जस्टिन ग्रीव्स बो बुमराह | 32 | 48 | 4 | 0 |
| खारे पिएरे पगबाधा सुंदर | 11 | 34 | 2 | 0 |
| जोमेल का जुरेल बो कुलदीप | 08 | 16 | 1 | 0 |
| जोहान लेन बो बुमराह | 01 | 04 | 0 | 0 |
| जेडेन सील्स नाबाद | 06 | 16 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 21,
कुल योग: 44.1 ओवर 162/10 रन
गेंदबाजी: बुमराह 14-3-42-3, सिराज 14-3-40-4, रेड्डी 4-1-16-0, जडेजा 3-0-15-0, कुलदीप 6.1-0-25-2, सुंदर 3-0-9-1

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का होप बो सील्स | 36 | 54 | 7 | 0 |
| लोकेश राहुल खेल रहे हैं | 53 | 114 | 6 | 0 |
| साई सुदर्शन पगबाधा चेज | 07 | 19 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 18 | 42 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 07,
कुल योग: 38 ओवर में 121/2 रन
गेंदबाजी: सील्स 8-2-21-1, लायने 6-0-14-0, ग्रीव्स 4-2-19-0 वारिकन 6-2-21-0, पियरे 9-0-25-0, चेज 5-0-16-1

## महिला विश्व कप: मारूफा अख्तर की शानदार गेंदबाजी

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया



भाषा ▶▶ कोलंबो

रूबिया हैदर के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने आईसीसी महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में बृहस्पतिवार को पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। रूबिया ने 77 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 54 रन बनाये। उन्होंने कप्तान निगार सुल्ताना (44 गेंद में 23 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिये 62 रन की साझेदारी भी की। बांग्लादेश ने 130 रन का लक्ष्य 113 गेंद बाकी रहते 31.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान को अब रविवार को भारत से खेलना है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया है। बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज फरजाना हक और शरमीन अख्तर के विकेट जल्दी गंवा दिये जिसके बाद रूबिया ने शुरू में संभलकर खेला। एक बार क्रीज पर जमने के बाद उन्होंने खुलकर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने 19वें ओवर में पाकिस्तान की अनुभवी स्पिनर नशरा संधू को तीन चौके लगाकर पाकिस्तान को पूरी तरह से दबाव में ला दिया। इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 38.3 ओवर में 129 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के लिये 20 वर्ष की तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर ने 31 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ओमाइमा सोहेल और दिग्गज बल्लेबाज सिदरा अमीन को खाता खोले बिना ही आउट करके पाक को करारे झटके दिये। पाक का स्कोर पहले ओवर के बाद दो रन पर दो विकेट था। बायें हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर ने 19 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (17) और रमीन शमीम (23) को पावरप्ले के ओवरों के ठीक बाद पवेलियन भेजा। पाक का स्कोर पावरप्ले के ओवरों के बाद दो विकेट पर 41 रन था।

## युवा टेस्ट

# दूसरी पारी में बल्लेबाजी किए बिना ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को रौंदा



एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

भारत अंडर-19 टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले युवा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पारी और 58 रन से हराकर इस दौरे पर अपना दबदबा कायम रखा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मैच के चौथे दिन बृहस्पतिवार को यहां अपनी दूसरी पारी आठ रन पर एक विकेट से आगे से शुरू की। पूरी टीम 49.3 ओवर में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पहली पारी में 243 रन के जवाब में भारतीय टीम ने वैभव सूर्यवंशी और वेदांत त्रिवेदी के शानदार शतकों की मदद से 428 रन बनाये थे।

### एक पारी 58 रन से हराया

टीम को दूसरी पारी में बल्लेबाजी की जरूरत नहीं पड़ी। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने दूसरी पारी में तीन विकेट चटकाये। खिलान पटेल ने भी तीन विकेट लिए जबकि अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं दिया।

### दूसरा टेस्ट सात अक्टूबर से

श्रृंखला का दूसरा और अंतिम युवा टेस्ट सात अक्टूबर से मैके में शुरू होगा। भारत अंडर-19 टीम ने इससे पहले तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया-19 को 3-0 से हराया था।

### कोको गाफ चीन ओपन के सेमीफाइनल में

बीजिंग। गत चैंपियन कोको गाफ ने बृहस्पतिवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को बीजिंग में अपनी सर्विस पर परेशानी हुई और उन्होंने ब्रेक-पॉइंट के सात मौके गंवाए। लेकिन अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने की कोशिश कर रही जर्मनी की खिलाड़ी लिस उनमें से केवल तीन को ही भुना पाईं। लिस को फ्रेंच ओपन चैंपियन के खिलाफ पांच बार अपनी सर्विस गंवाना भारी पड़ा। गाफ के सामने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा या विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज जैसमिन पाओलिनी की चुनौती होगी।



# अब बांग्लादेश से कभी नहीं खेल पाएंगे शाकिब, खेल सलाहकार ने किया ऐलान

### शेख हसीना को बधाई देना पड़ा भारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ महमूद ने ये घोषणा की है कि अब शाकिब अल हसन कभी भी अपने देश से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। दरअसल, शाकिब ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी थी और इससे नाराज महमूद ने ये ऐलान किया है। बता दें कि इस ऑलराउंडर ने लगभग 1 साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

### इस पोस्ट से शुरू हुआ विवाद

शाकिब ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के जन्मदिन पर शाकिब ने शुभकामनाएं दी थी। इसके बाद महमूद ने खिलाड़ी का नाम लिए बिना पोस्ट में लिखा, 'आप सभी ने एक शख्स को बाहर करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं, लेकिन मैं सही था। इसके बाद शाकिब ने पोस्ट में लिखा, 'आखिरकार किसी ने मान लिया कि उन्हीं की वजह से मैं बांग्लादेश की जर्सी दोबारा नहीं पहन पाऊंगा। शायद मैं एक दिन अपनी मातृभूमि लौट जाऊंगा। बांग्लादेश, मैं तुमसे प्यार करता हूं।'



# चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बार्सीलोना को दी मात, मोनाको-मैनचेस्टर सिटी का मैच ड्रा

एजेंसी ▶▶ बार्सीलोना

गोंकालो रामोस के 90वें मिनट में किये गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मन ने चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए बार्सीलोना को 2-1 से हराया।

उस्मान डेम्बेले, डिजायर डोउए और ख्विचा क्वारात्सखेलिया जैसे अग्रिम पंक्ति के अनुभवी खिलाड़ियों के बिना मैदान में उतरी गत चैंपियन पीएसजी की टीम बार्सीलोना के 'एस्टादी ओलिंपिक लुईस कंपनीस' स्टेडियम में 1-0 से पिछड़ रही थी। सेने मायुलु ने मैच के 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि रामोस ने आखिरी क्षणों में गोल कर बार्सीलोना की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बार्सीलोना के लिए फेरान टोरेस ने 19वें मिनट में मैच का पहला गोल किया था।



### अन्य मैचों का ऐसा रहा हाल

अन्य मैचों में विलारीयाल और युवेंटस का मुकाबला भी 2-2 की बराबरी खत्म हुआ। इसमें रेनाटो वेइगा ने अंत में बराबरी का गोल किया। आर्सेनल ने ओलंपियाकोस को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड कायम रखा। नेपोली ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 2-1 से शिकस्त दी जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने एथलेटिक बिलबाओ को 4-1 से हराया। बेयर लेवरकुसेन और पीएसवी आइंडहोवन के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप: क्लब थ्रो और चक्का फेंक में जीते पदक

# धरमबीर और अतुल ने रजत और कांस्य पदक जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गत पैरालम्पिक चैम्पियन धरमबीर नैन और अतुल कौशिक ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के छठे दिन बृहस्पतिवार को भारत के लिये क्रमशः पुरुषों के क्लब थ्रो और चक्का फेंक में रजत और कांस्य पदक जीते। पेरिस पैरालम्पिक 2024 में स्वर्ण पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले धरमबीर ने 29.71 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 में दूसरा स्थान हासिल किया। सर्बिया के अलेक्जेंडर रेडिसिच को स्वर्ण और तटस्थ पैरालम्पिक खिलाड़ी



उलादजिस्लाउ हरीब को कांस्य पदक मिला। भारत के प्रणव सूरमा पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों के चक्काफेंक एफ57 वर्ग में कौशिक 45.61 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

लीबिया के महमूद रजब को स्वर्ण और विश्व रिकॉर्डधारी थियागो पोलिनो डोस सांतोस को रजत पदक मिला। पुरुषों की चक्काफेंक एफ37 स्पर्धा के फाइनल में भारत के 19 वर्ष के हानी पहले थ्रो से ही पदक की दौड़ में थे लेकिन जापान के यामातो शिम्बो ने चौथे स्थान से सीधे दूसरा स्थान हासिल करके उन्हें पोडियम से खिसका दिया। छठे दिन भारत को कोई स्वर्ण पदक नहीं मिला और तालिका में मेजबान चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य के साथ चौथे से सातवें स्थान पर खिसक गया।

ब्राजील 12 स्वर्ण, 17 रजत और सात कांस्य के साथ शीर्ष पर है जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। इससे पहले ईरान के सईद अफरूज ने पुरुषों के भालाफेंक एफ34 में और अल्जीरिया की साफिया जेलाल ने महिलाओं के शॉटपुट एफ57 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड बनाया। अफरूज ने 41.52 मीटर के साथ अपना ही 41.16 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने पिछले साल कोबे में बनाया था। वहीं साफिया ने अपना 11.62 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 11. 67 मीटर का थ्रो किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरा-तफरी फैलाते हैं। चार दिन से जारी इन प्रदर्शनों में सेना की गोलीबारी में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं

पीओके में जबरदस्त आंदोलन

# प्रदर्शनकारियों ने 25 पाक सैनिकों को बनाया बंधक, गोलाबारी से 10 की मौत, 100 घायल

**एजेंसी ▶▶ मुजफ्फराबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं।

चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में सेना की गोलीबारी में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शनकारियों ने पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रखा।

अलग-अलग जगहों से राजधानी मुजफ्फराबाद पहुंच रहे प्रदर्शनकारी

पीएम शहबाज शरीफ ने जताई चिंता, कहा- सुरक्षाबल संयम बरतें



प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को पुलों पर रखे कंटेनर नदी में फेंक दिए।

### पत्रकारों और पर्यटकों का प्रवेश बंद

*पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पत्रकारों और पर्यटकों का प्रवेश बंद है। स्थानीय रिपोर्टर्स भी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें न्यूट्रल कवरेज करने से रोका जा रहा है। इसके अलावा कई मानवाधिकार संगठन भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। पीओके में आधी रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सरकार को डर है कि ये प्रदर्शन आजादी की मांग में बदल सकते हैं।*

### 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग

पीओके में 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग हो रही है। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है।

### प्रदर्शन मौलिक अधिकार के लिए

जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है। हमारी आवाज दबाकर आप कैसे खड़े रह पाएंगे। वहीं, पूर्व पीएम इमरान खान के एक सहयोगी मुद्दसर ने प्रदर्शन की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- कश्मीर के लोगों को सलाम, जो अपने हक के लिए डटकर मुकाबला कर रहे हैं। कश्मीर की माताओं ने वाकई बहादुर बच्चे पैदा किए हैं।

**सरकार पर अनदेखी का आरोप**

*ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई नियंत्रित न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों की भीड़ ने गुरुवार को पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च किया। पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में स्थानीय लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं।*

चीन नहीं खरीद रहा सोयाबीन

# मुश्किल में अमेरिका के किसान, ट्रंप परेशान, चीनी राष्ट्रपति से करेंगे भेंट

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी किसानों का सोयाबीन नहीं बिकने से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप परेशान हो गए हैं। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका के सोयाबीन किसान मुश्किल हालात में हैं, क्योंकि चीन उनसे सोयाबीन नहीं खरीद रहा। इसी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वे एक महीने के भीतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करने जा रहे हैं। इस बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा मुद्दा सोयाबीन पर होगा।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन सिर्फ बातचीत करने के लिए सोयाबीन की खरीद रोक रहा है। अमेरिका और चीन के बीच इस साल की शुरुआत में टैरिफ वॉर हुआ था। अमेरिका ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था। इसके जवाब में चीन ने 125% टैरिफ लगा दिया था। हालांकि दोनों देशों की बातचीत के बाद अमेरिका ने इसे घटाकर 30% कर दिया था। दूसरी तरफ चीन ने अमेरिकी सोयाबीन पर 20% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

### पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन पर लगाया आरोप



ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की, क्योंकि उनके समय में वह ट्रेड डील लागू नहीं हो पाई थी, जिसके तहत चीन को अरबों डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने थे। दरअसल, 2020 में ट्रंप प्रशासन और चीन के बीच एक फेज वन डील हुई थी। इसके तहत चीन ने अमेरिका से बड़ी मात्रा में कृषि उत्पाद जैसे कि सोयाबीन, मक्का, गेहूं, मांस जैसी चीजें खरीदने का वादा किया था। इसका मकसद अमेरिकी किसानों को फायदा पहुंचाना और दोनों देशों के बीच ट्रेड बैलेंस को बरकरार रखना था। ट्रंप ने दावा किया कि बाइडेन प्रशासन ने इस डील को लागू करने की कोशिश ही नहीं की।

### अर्जेंटीना ने भी अमेरिका को ठगा

अमेरिका में सोयाबीन की दिक्कत से जुड़ी एक तस्वीर काफी वायरल हो रही है। इसमें अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट यूएन में कृषि मंत्री बुक रोलिंस का मैसेज पढ़ते नजर आ रहे हैं। मैसेज में लिखा है- आखिरकार मुझे एक जानकारी मिली है जो बेहद दुखी करने वाली है। हमने कल अर्जेंटीना को आर्थिक मदद दी और बदले में, अर्जेंटीना अनाज पर अपने निर्यात शुल्क हटा रहा है, अपनी कीमतें कम कर रहा है, और चीन को सोयाबीन का एक बड़ा हिस्सा बेच रहा है। रोलिंस ने चेतावनी दी कि इस कदम से सोया की कीमतें और गिर रही हैं, और यह चीन को अमेरिका पर और ज्यादा बढ़त लेने का मौका दे रहा है। मैसेज के आखिरी में लिखा था, 'मैं विमान पर हूं लेकिन स्कॉट, जब मैं उतरूंगा तो मैं तुम्हें फोन कर सकता हूं।'

हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ेगा भारत-मॉरीशस के बीच सहयोग

# मॉरीशस में हाइड्रोग्राफिक मिशन के लिए पहुंचा सतलुज युद्धपोत

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना इलाके के अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में लगी हुई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नौसेना का जंगी युद्धपोत आईएनएस सतलुज मॉरीशस के पोर्टलुईस बंदरगाह पर पहुंच चुका है। उसके द्वारा यहां पर मुख्य रूप से 18वां संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण किया जाएगा। जिसमें लगभग 35 हजार वर्ग समुद्री मील का विस्तृत इलाका शामिल होगा। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि क्षमता निर्माण प्रयासों के एक भाग के रूप में मॉरीशस के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारी जल सर्वेक्षण डेटा संग्रह और प्रसंस्करण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जहाज पर सवार होंगे।



### इसी साल हुआ मिशन का आगाज

यह मिशन मौजूदा वर्ष-2025 की शुरुआत में हाइड्रोग्राफी पर आयोजित की गई 14 वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान हस्ताक्षरित दीर्घकालिक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के ढांचे के तहत संचालित किया जा रहा है। मॉरीशस में आईएनएस सतलुज की तैनाती उन्नत वैज्ञानिक सहयोग और रणनीतिक समुद्री संबंधों के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इसके अलावा यह दोनों देशों के बीच गहन समुद्री सहयोग को भी दर्शाता है। जिसका मूल उद्देश्य नौवहन सुरक्षा को बढ़ाना, समुद्री संसाधनों का सतत प्रबंधन और हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

### मॉरीशस का सामरिक महत्व

गौरतलब है कि भारत की पूर्व की ओर देखो नीति में मॉरीशस का खासा सामरिक और आर्थिक महत्व है। जो न केवल हिंद महासागर में एक विश्वसनीय देश है। बल्कि समुद्री सुरक्षा में भी एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

जिससे चीन के प्रभाव को संतुलित करने के भारत के उद्देश्यों को बल मिलता है।भारत मॉरीशस को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए लगातार मदद करता रहता है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध खासे प्रगाढ़ रहे हैं। जिनका आधार प्राचीन-परंपरागत सांस्कृतिक विरासत रही है।





GST लाभ

| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| SPLENDOR+ | ~~₹80 116~~ ₹73 902# | ₹6 264 |
| HF DELUXE | ~~₹60 738~~ ₹55 992# | ₹4 746 |

सीमित अवधि ऑफर

+ इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs FESTIVE TREATS

+ प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Delhi.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.